दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 30 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 41 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# महाकुंभ भगदड़ में 30 की मौत, 60 घायल... मेला प्रशासन ने जारी किया आंकड़ा

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने किए तीन जरूरी ऐलान



**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के मौके पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें से 25 लोगों की पहचान हो गई। बाकी के बचे हुए मृतकों की पहचान के लिए जांच चल रही है। वर्तमान में 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। ये जानकारी मेला प्रशासन की ओर से घटना के 16 घंटे बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अधिकारियों ने दी है।

मेला प्रशासन की तरफ से डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया, 'आज प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर मुख्य स्नान था। इसमें ब्रह्म मुहूर्त से पहले देर रात एक से दो बजे की बीच मेला क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ जमा हो गई। और इस भीड़ के दबाव के कारण दूसरी ओर के बैरिकेट्स टूट गए। बैरिकेड्स तोड़कर दूसरी ओर पहुंचे भीड़ ने ब्रह्म मुहूर्त के स्नान का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को कुचलना शुरू कर दिया।'

**महाकुंभ भगदड़ पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किए तीन जरूरी ऐलान :** उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी, बुधवार को रात 1 बजे मची भगदड़ में 30 लोग मारे गए। यह जानकारी राज्य सरकार ने साझा की। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 अहम ऐलान किए हैं।

पहले ऐलान में सीएम ने मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके अलावा दूसरी जरूरी घोषणा न्यायिक कमेटी के संबंध में की है। सीएम ने 3 सदस्यीय कमेटी के तहत न्यायिक जांच का ऐलान भी किया है। तीसरे ऐलान के तौर पर सीएम ने चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को प्रयागराज जाने के निर्देश दिए हैं।

शेष, पृष्ठ 2

## प्रयागराज महाकुंभ : एनडीआरएफ भी संभाल रही है सुरक्षा वाली कमान

### भगदड़ के बाद मदद करते नजर आए जवान - देशभर में संकट मोचन के नाम से जानी जाती है एनडीआरएफ

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** एनडीआरएफ यानी नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स जो आजकल पूरी दुनिया में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के नाम से जानी जाती है, इसकी आठवीं बटालियन गाजियाबाद में है। एनडीआरएफ के जांबाज जवान और कई अधिकारी इन दिनों प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अपनी ड्यूटी देने का काम कर रहे हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में गाजियाबाद की एनडीआरएफ बटालियन के सदस्य महाकुंभ सुरक्षा आपदा और बचाव के लिए लगाया हुआ है। जानकारी मिली है कि जब बुधवार को प्रयागराज में देर रात भगदड़ वाला सीन हुआ तो इस दौरान भी एनडीआरएफ के जवान लोगों की मदद करते हुए नजर आए हैं। साथ ही जल प्रहरी के रूप में भी उनकी सेवाएं जारी हैं।




### आधुनिक संसाधनों से लैस हैं एनडीआरएफ के जवान

करंट क्राइम : एनडीआरएफ के अधिकारियों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज महाकुंभ में जो एनडीआरएफ के जवान ड्यूटी दे रहे हैं। उसमें सभी लंबी ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले प्रशिक्षित कर्मी हैं। इसके साथ ही इन जवानों को अंडर वाटर कैमरा, ड्रोन की ट्रेनिंग मिली हुई है। तो वह स्पीड बोर्ट रेस्क्यू, स्कूटर बोट, एंबुलेंस बोट, ड्रैगन लाइट के साथ वहां तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही इन सभी एनडीआरएफ कर्मियों को फ्लोटिंग जैकेट के साथ तैनात किया गया है। वहीं हर घाट में लाइफबॉय रेस्क्यू ट्यूब और थ्रोबैक भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति में यह लोगों की जीवन को बचाने का काम कर सकें। बता दें की एनडीआरएफ को देशभर में राष्ट्रीय आपदा मोचक बल के नाम से भी जाना जाता है। गाजियाबाद की एनडीआरएफ की टीमों ने देशभर में कई बेहतर ऑपरेशन किए हैं। जिसमें उन्होंने लोगों की बड़ी संख्या में जान बचाई है। साथ ही खुद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम और उनके कर्मियों का सम्मान बढ़ा चुके हैं। तो वहीं बीते दिनों गाजियाबाद आठवीं बटालियन के कमांडेंट प्रवीन कुमार तिवारी को राष्ट्रपति पदक उनकी वीरता और साहसिक कार्यों के लिए प्रदान किया गया था।

### देशभर में राहत बचाव और सुरक्षा की पहचान बन चुकी है एनडीआरएफ

करंट क्राइम : गाजियाबाद में एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन का केंद्र है और बीते लगभग दो दशक के दौरान एनडीआरएफ ने देश ही नहीं विदेशों में जाकर भी राहत बचाव सुरक्षा लोगों की जान बचाने से लेकर कई जिंदगियों को नया जीवन देने का काम किया है। एनडीआरफ गाजियाबाद की टीम उत्तराखंड में आए आपदा के दौरान नजर आई, तो बीते दिनों देशभर में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान भी एनडीआरएफ के जवानों का रेस्क्यू ऑपरेशन किसी से छुपा नहीं है। इसके साथ ही अलग-अलग स्थानों पर आने वाले तूफान, बाढ़ और अन्य बड़े रेस्कूय में भी एनडीआरएफ का योगदान रहता है। तो इन दिनों प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के दौरान भी एनडीआरएफ की टीमें अपना योगदान देने का काम कर रही हैं।

## प्रयागराज कुंभ हादसे पर पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने जताया दुख और रखे अपने विचार

### बेहद दुख हादसा और होनी चाहिए जांच: सुनील शर्मा



साहिबाबाद विधायक तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रयागराज कुंभ हादसे पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। मेरी पूरी शोक संवेदना मृतकों के साथ है। मेरी पूरी सहानुभूति मृतकों के परिजनों के साथ है। यह हादसा बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि इस हादसे के कारणों की जांच कराई जा रही है।

### मृतकों के प्रति मेरी संवेदना और जनता से संयम रखने की अपील: संजीव शर्मा



शहर विधायक संजीव शर्मा ने कुंभ हादसे पर शोक जताते हुए इस हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। मेरी पूरी संवेदनाएं हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ है। उन्होंने कहा कि हादसा किन कारणों से हुआ इसकी जांच होनी चाहिए। सबसे बड़ी बात ये है कि इस तरह की किसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिये कदम उठाए जाने चाहिए। सरकार ने पीड़ितों की मदद की है। लगातार बचाव कार्य चल रहा है। सरकार हर पीड़ित के साथ है।

### प्रशासन और सरकार की कोई कमी नहीं, अफवाह से हुआ हादसा: दिनेश गोयल



एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि सबसे पहले मैं इस हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करता हूं। जिन लोगों ने इस हादसे में अपने परिजनों को खोया है मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। सरकार और प्रशासन की तरफ से कोई कमी नहीं रही है। उन्होंने कहा कि यहां हादसे का कारण अफवाह रही है। उन्होंने कहा कि इस बात का पता लगाया जाना चाहिए कि यह बात किसने प्रचारित की थी कि स्नान करने के लिये नागा साधु आ रहे हैं। यह बात फैल गई और उससे ही हादसा हुआ है।

### बेहद दुख हादसा : अमरपाल शर्मा



पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कुंभ हादसे पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद हादसा है और यह समय मानवीय संवेदनाओं के आधार पर मदद करने का है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से भी यह अपील है कि सबसे पहले जो लोग इस हादसे के बाद अपने परिवार से बिछड़ गए हैं उन्हें परिवार से मिलाने का प्रयास करें। इसके अलावा जो लोग इस हादसे में मारे गए हैं उनके शवों को सरकार घर तक पहुंचाने का इंतजाम करें। हैल्पलाइन नंबर शुरू किये जाने चाहिए ताकि लोग अपने परिजनों की जानकारी ले सकें। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुखद हादसा है और मैं इस हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पीड़ितों की मदद के लिये सभी को आगे आना चाहिए। सरकार एक विशेष अभियान चलाकर हादसे के पीड़ितों की मदद करें।

### मृतकों के प्रति संवेदना : विजय चौधरी



कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कुंभ हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। इस हादसे में घायल हुए लोगों को उपचार मिले तथा सबसे बड़ी बात ये है कि इस तरह के हादसे फिर से ना हो इसके लिये सरकार उचित कदम उठाए। पूरी तरह से व्यवस्था को बनाया जाना चाहिए।

### मृतकों के परिजनों को मिले मुआवजा और घटना की हो जांच: अभिषेक गर्ग



समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग ने कुंभ हादसे पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि मन में आस्था और श्रद्धा लेकर गए लोग एक हादसे का शिकार हो गए। मेरी पूरी संवेदनाएं मृतकों के साथ है। मेरी पूरी सहानुभूति मृतकों के परिजनों के साथ है। जो लोग घायल हुए हैं उनकी पीड़ा को समझ सकता हूं। अभिषेक गर्ग ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सबसे पहले तो इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकार उचित मुआवजा दें।

## जब पुलिस कमिश्नर पहुंचे कौशांबी थाने, कुछ दिनों में नदिया पार के तीन थानों का किया निरीक्षण

### - इससे पहले इंदिरापुरम और लिंक रोड थाने में भी पहुंचे थे पुलिस आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस के शीर्ष अधिकारी अगर किसी थानाक्षेत्र में पहुंचते हैं या उनका मूवमेंट होता है, तो इसकी चर्चा शुरू हो जाती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते कुछ दिनों में ही पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय मिश्र ने एक के बाद एक एक कई थानों का निरीक्षण किया है।




सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ सप्ताह पहले वह लिंक रोड थाने में रात के वक्त पहुंचे थे और यहां समय गुजरा था और अधिकारियों से तमाम तरीके की चर्चा और जानकारी हासिल की थीं।

तो वहीं सूत्रों से पता चला है कि 26 जनवरी से पहले भी पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद ने ट्रांस हिंडन जोन के सबसे खास थाना कहे जाने वाले इंदिरापुरम थाने में पहुंचे तमाम व्यवस्थाओं और सुरक्षा के हालातों पर चर्चा की थी।



तो वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार की रात भी पुलिस कमिश्नर कौशांबी थाने पहुंचे। उनके कौशांबी थाने पहुंचने की सूचना से पुलिसकर्मी और थानाध्यक्ष से लेकर आसपास के थाना प्रभारियों और सर्किल के अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई थी। इसकी पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा उठी कि आखिर क्या वजह है, जो पुलिस के सबसे शीर्ष अधिकारी नदिया पार के थानों में एक के बाद एक पहुंच रहे हैं और निरीक्षण कर रहे हैं।

### सिटी और देहात जोन के लिए भी है यह अलर्ट

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से पुलिस के शीर्ष अधिकारी पुलिस कमिश्नरेट के एक जोन में एक के बाद एक थानों में पहुंच रहे हैं, ऐसा सिलसिला सिटी और देहात जोन में भी शुरू हो सकता है। कहा जा रहा है कि इसके पीछे का मकसद पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार, विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों में अधिकारियों के निरीक्षण की सुगबुगाहट पैदा करने के साथ ही कानून व्यवस्था और पुलिसिंग की व्यवस्था को बेहतर करना हो सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले विभागीय सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट के प्रत्येक जोन में इन दिनों सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई वाला अभियान चल रहा है, पुलिस के शीर्ष अधिकारी उसका रियलिटी चेक करने के लिए भी पहुंच रहे हो। इसकी भी संभावना जताई जा रही है।

### क्या वर्किंग और पुलिसिंग सुधारने के लिए नया तरीका

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चर्चा हो रही है कि जिस तरीके से पुलिस आयुक्त ट्रांस हिंडन के तीन थानों में बीते कुछ सप्ताहों के दौरान रात के समय पहुंचे हैं, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। संबंधित अधिकारियों और डीसीपी से वार्ता की है, उसको लेकर चर्चा है कि यह पुलिसिंग और पुलिसकर्मियों की वर्किंग सुधारने का कोई नया प्रयोग भी हो सकता है। हालांकि इसको लेकर कई अन्य चर्चाएं भी सुनने को मिल रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नर द्वारा अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पहुंचना कहीं ना कहीं पुलिस महकमें के अधीनस्थों के लिए एक्टिव मोड में आने और उनकी वर्किंग में सुधार लाने वाला टॉनिक भी कहा जा रहा है।

## पिता की पुण्यतिथि पर खिला दी उनके पुत्र ने दो हजार बच्चों के चेहरों पर मुस्कान

### पूर्व विधायक स्व. सुरेश बंसल की पुण्यतिथि पर उनके बेटे दीपक बंसल ने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को वितरित किये स्कूल बैग और सामान












**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सामाजिक सरोकार के संस्कार भी कई बार परिवार में आते हैं। लोग दिवंगत हो जाते हैं मगर उनके संस्कार परिवार में रहते हैं। योग्य संतानें हमेशा अपने पिता का नाम रोशन करते हैं और पिता के नाम को अपनी सेवा भाव से जिंदा रखते हैं। पूर्व विधायक स्व. सुरेश बंसल शहर की एक अगरणीय राजनीतिक हस्ती थे। वो एक ऐसे विधायक रहे जिनके व्यवहार के लोग कायल थे। हमेशा सौम्य व्यवहार के साथ उन्होंने सामाजिक सद्भाव और परोपकार की भावना के साथ काम किया। विकास के साथ-साथ उन्होंने हमेशा उन बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। शिक्षा उनके राजनीतिक सामाजिक विजन का हिस्सा थी। वो अक्सर सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिये काम करते थे। एक ऐसी महान शख्सियत को काल ने हमसे छीन लिया। जो लोग समाज के लिये जीते हैं वो दिवंगत होने के बाद भी सामाजिक धरोहर हो जाते हैं। लोग जब उन्हें याद करते हैं तो उनके किये कामों में खो जाते हैं।

पूर्व विधायक स्व. सुरेश बंसल भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, उनकी यादें हैं और उनकी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र दीपक बंसल ने ये साबित किया कि सेवा के संस्कार उन्हें विरासत में मिले हैं। एक पुत्र के दिल में अपने पिता के लिये कितना आदर-सम्मान और भावनाएं हैं ये सेवा के माध्यम से बाहर आई। पूर्व विधायक स्व. सुरेश बंसल की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र दीपक बंसल ने सबसे पहले हवन-पूनज किया, फिर भंडारा किया। इसके बाद उन्होंने एक सरप्राइज उन बच्चों को दिया जो सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। ये वो वर्ग है जो शिक्षा के कई साधनों से कई बार वंचित रह जाता है। दीपक बंसल ने एक तरह से इन बच्चों को उपहार देकर अपने पिता स्व. सुरेश बंसल को नमन किया। वो इन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने में सफल रहे।

दीपक बंसल की ओर से अपने पिता स्व. सुरेश बंसल की तीसरी पुण्यतिथि पर तीन स्कूलों के छात्रों को स्कूल बैग वितरित किये गये। सबसे बड़ी बात ये थी कि यहां दीपक बंसल ने अपने पिता को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार नाम की संस्था की संस्कृति को जीवित रखा। एक आदर्श पुत्र का धर्म निभाया जब पिता की तीसरी पुण्यतिथि पर स्कूल बैग वितरित करने का समय आया तो दीपक बंसल की माताजी और पूर्व विधायक स्व. सुरेश बंसल की धर्मपत्नी मिथिलेश बंसल तथा परिवार के सभी सदस्यों ने स्कूली बच्चों को बैग वितरित किये। इस बैग के भीतर कॉपी और पांच पेन का सेट था। ये सामान स्कूली बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ले आया।

अपने पिता की तीसरी पुण्यतिथि पर दो हजार बच्चों को स्कूली बैग और शिक्षण सामाग्री वितरित की। ये स्कूली बच्चे प्राथमिक विद्यालाय मिजार्पुर, प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुरी और कैलाशनगर के थे। इसके अलावा अन्य स्कूलों में भी यह बैग वितरित किये गये। दीपक बंसल स्वयं अपने पिता की पुण्यतिथि पर अपनी माता और परिवार के सदस्यों के साथ यह शिक्षण सामग्री वितरित करने के लिये गये।

एक पुत्र के रूप में अपने पिता के प्रति अपनी श्रद्धा का अपने कर्त्तव्य का मार्ग पूरा किया। एक पुत्र के रूप में अपनी माता के प्रति अपने आदर भाव का इजहार किया और पूरे परिवार को साथ लेकर समाज में ये संदेश दिया कि परिवार के संस्कारों को, सामाजिक संस्कारों को सेवा के भाव को और अपने दिवंगतों के प्रति आस्था और श्रद्धा के भाव को किस तरह से अगली पीढी में जनरेट किया जाता है। कैसे उन्हें सिखाया जाता है कि हमें अपने संस्कारों को सहेजकर रखना है।

जो सामाजिक मूल्यों की विरासत, जो सेवा के संस्कार हमें अपने पूर्वजों से मिले हैं उन्हें हम अगली पीढ़ी को कैसे सौंपेंगे। सही मायनों में दीपक बंसल ने एक उदाहरण से ये साबित कर दिया कि साधन संपन्न होने के बाद भी सरल कैसे रहा जाता है। आधुनिक होने के बाद भी अपनी परंपराओं का पालन कैसे किया जाता है और सहजता के साथ अपनी पारिवारिक धरोहर को किस तरह से संभालकर रखा जाता है।



# महाकुंभ में भगदड़ : दस से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत, कई लोग घायल



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या स्नान पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई। 'आज तक' के मुताबिक, भगदड़ में 10 से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका है। प्रशासन या सरकार की तरफ से मौतों को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक आकंड़ा जारी नहीं किया गया है। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। इस बीच विशेष सतर्कता बरतते हुए अखाड़ा परिषद ने अमृत स्नान रद्द करने का फैसला लिया है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि प्रयागराज में ऐसी घटना हो गई है, जिस कारण अखाड़ा परिषद ने आज का अमृत स्नान रद्द करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अगला स्नान बसंत पंचमी को होगा। आज की घटना से वे काफी आहत हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि जहां पर आसानी से व्यवस्था हो, वहीं स्नान कर लें। उन्होंने कहा कि अब वे बसंत पंचमी का स्नान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज हम स्नान नहीं करेंगे। जब हम स्नान के लिए निकलते तो हजारों की संख्या में साधु संत भी मौजूद होते। भीड़ बहुत है, इस कारण लोग भी जुलूस देखने आ सकते हैं। कोई अप्रिय घटना न हो, इसे देखते हुए हम स्नान नहीं करेंगे। जहां पर प्रशासन कह रहे हैं, वहीं पर स्नान करें। उन्होंने कहा कि समय अधिक बीत गया है और दुखद घटना के कारण हमने अपना स्नान रद्द किया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि आज यहां अप्रिय घटना हो गई है। इस कारण अखाड़ा स्नान नहीं करेंगे। चूक के बारे में उन्होंने जानकारी देने से मना कर दिया है। घायलों को ईश्वर जल्द स्वस्थ करें। घटना क्यों हुई है, यह जांच का विषय है। प्रयागराज में महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान आज जारी है। मौनी अमावस्या पर संगम में डुबकी लगाने के लिए भोर में अखाड़ों के साधु-संत संगम के लिए निकले थे। भगदड़ की घटना और संगम पर हालात बेकाबू होने के बाद प्रशासन ने अखाड़ों से अपील की कि स्नान के लिए न जाएं। इसके बाद अखाड़े के साधु-संत शिविर में लौट आए। यहां साधु-संतों ने बैठक की। तय हुआ कि अखाड़ों के साधु-संत मौनी अमावस्या पर स्नान नहीं करेंगे। अखाड़ों ने अमृत स्नान टाल दिया।

सुबह 5 बजे श्री महानिवार्णी और अटल अखाड़ा को अमृत स्नान करना था। इसके बाद निरंजनी और आनंद अखाड़ा स्नान करते। फिर जूना, अग्नि, आवाहन और किन्नर अखाड़ा के स्नान का समय था। इनके बाद वैष्णव संप्रदाय के दिगंबर अनी, निमोर्ही अनी और निवार्णी अनी स्नान करते। अंत में निर्मल अखाड़ा को अमृत स्नान करना था।

# महाकुंभ : 5.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला में बुधवार को सुबह भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और इसमें कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। हालांकि सटीक आकड़े अभी तक साफ नहीं है, लेकिन अधिकारियों की ओर से कहा गया है कि घायलों को कुंभ मैदान में लगे केंद्रीय अस्पताल में ले जाया गया है। आज (29 जनवरी) मौनी अमावस्या की वजह से पवित्र स्नान के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक है। मौनी अमावस्या हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ कृष्ण अमावस्या के दिन पड़ती है। यह सभी विशेष स्नान तिथियों में सबसे शुभ तिथि मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पवित्र नदियों का जल अमृत में बदल जाता है। मौनी अमावस्या को ह्यसंतों की अमावस्याह्ल भी बोला जाता है। प्रशासन ने बताया कि एंबुलेंस को घाट पर भेज दिया गया है और घायलों को इलाज के लिए मेला मैदान के अंदर केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया है। स्पेशल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आकांक्षा राणा ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, ह्यसंगम मार्गों पर कुछ बैरियर टूटने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। कुछ लोग घायल हुए हैं।

उनका इलाज चल रहा है। यह कोई गंभीर स्थिति नहीं है।ह्ल महाकुंभ मेले का विशाल आयोजन 13 जनवरी को यूपी के प्रयागराज में शुरू हुआ। महाकुंभ 26 फरवरी को खत्म होगा।

# महाकुंभ में हुई भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया शोक



नई दिल्ली। प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ मचने से कई लोगों की मौत की बात सामने आ रही है।

हादसे पर करीब-करीब सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने अपनी संवेदना जताई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भगदड़ से पीड़ित श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में एक रैली को संबोधित करते हुए महाकुंभ भगदड़ के पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा,'मैं लगातार यूपी सरकार के संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या के कारण करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। घटना के कारण कुछ घंटों के लिए स्नान रोक दिया गया था, लेकिन अब इसे फिर से शुरू कर दिया गया है और सब कुछ ठीक है।'

# राजनाथ सिंह और अमित शाह ने महाकुंभ भगदड़ की घटना पर जताया दुख

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अपने एक्स हैंडल पर कहा कि महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मची भगदड़ से 15 लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट किया गया है। इसी बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाकुंभ भगदड़ हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता इंतजाम करने की बात कही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि महाकुंभ में हुए दुःखद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति दें। प्रशासन घायलों को अस्पतालों में उपचार दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं।



**राजनाथ सिंह बोले- महाकुंभ की दुर्घटना पीड़ादायक :** वहीं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अपने एक्स हैंडल पर कहा कि महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हो।

**योगी ने शांतिपूर्ण तरीके से स्नान करने की अपील :** वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से स्नान करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में वर्तमान में 8 से 10 करोड़ श्रद्धालु मौजूद है। प्रशासन मौके पर पूरी तरह से मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है।

कुंभ क्षेत्र में जहां घाट उपलब्ध हों, वहीं श्रद्धालु स्नान करें ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

इधर, महाकुंभ में मची भगदड़ के चलते योगी सरकार ने प्रयागराज से जुड़ी सभी जिलों की सीमाओं को सील कर दिया गया है। साथ ही प्रयागराज आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### पीएम मोदी ने एक घंटे में दो बार सीएम योगी से की बात, अमित शाह ने भी ली जानकारी

महाकुंभ नगर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाकुंभ नगर में भगदड़ मचने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर एक घंटे में दो बार बात की। पीएम मोदी ने हादसे में घायल हुए लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी जुटाई। इसके अलावा, उन्होंने घायलों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा देने उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। वहीं, इस भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वो अफवाहों पर ध्यान न दें। लिखा- मां गंगा के जिस घाट के जो समीप है, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। प्रशासन के निदेर्शों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। पीएम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनसे प्रयागराज में मची भगदड़ को लेकर स्थिति की जानकारी जुटाई। उन्होंने श्रद्धालुओं को हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। वहीं, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी सीएम योगी से फोन पर बात की। सीएम योगी ने नड्डा को बताया कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बुधवार को मौनी अमावस्या स्नान से पहले ही भगदड़ मच गई। इस हादसे में करीब 30 महिलाएं घायल हो गईं, जो संगम में स्नान करने के लिए जा रही थीं। यह घटना पवित्र स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच हुई, जिसके कारण अखाड़ों को कुछ समय के लिए अपना कार्यक्रम रोकना पड़ा।

# स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजापुर में संपन्न हुआ। उक्त कार्यशाला में नगर क्षेत्र तथा रजापुर ब्लॉक की उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों की एक-एक सुगमकर्ता ने भाग लिया। प्रशिक्षण की संदर्भ दाता मीना कुमारी, रेनू चौहान, अंजू सैनी ने प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रगति के पंख पुस्तिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रत्येक शनिवार को होने वाली मीना मंच गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। मीना मंच के उद्देश्यों को कॉमिक्स बुक द्वारा अत्यंत सरल और रोचक ढंग से राज्य परियोजना द्वारा प्रेषित किया गया है। इन 6 कॉमिक्स बुक्स पर सभी सदस्यों की समझ विकसित की गई तथा रोल प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल ने प्रतिभागियों से अपील की कि प्रत्येक शनिवार मीना मंच की गतिविधियों को करने के पश्चात टूल टेन गूगल लिंक अवश्य भरा जाए जिससे प्रदेश स्तर तक हमारे विद्यालयों में की जा रही गतिविधियों की सूचना पहुंचे। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में मीना मंच सुगमकर्ता की यह जिम्मेदारी रहेगी कि वह अरमान मॉड्यूल, प्रगति के पंख और कॉमिक्स के सत्र करवाए। प्रत्येक विद्यालय में एक मीना और कक्षा 6,7 और 8 में एक एक पावर एंजेल बनाई जाती है।



इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग यूनिसेफ के सदस्यों द्वारा भी की जा रही है। जिला नोडल पूनम शर्मा ने सुगमकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्रत्येक छात्रा आत्मविश्वास से भरी होनी चाहिए तथा उसके प्रति या उसके आसपास होने वाली किसी भी घटना के प्रति उसे आवाज उठाना आना चाहिए। किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहने की बजाय उसे उजागर करने की हिम्मत और अपनी बात रखने का तरीका आना चाहिए। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग उन्हें आना चाहिए।

संदर्भदाताओ ने विभिन्न गतिविधियों तथा पीपीटी के माध्यम से कुशलता पूर्वक दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर कविता चौहान, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल, जनपद नोडल बालिका शिक्षा पूनम शर्मा द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर क्षेत्र की जेंडर नोडल कविता वर्मा और रजापुर से अंशू सिंह और नीतू सिंह ने प्रशिक्षण में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# यमुना के पानी में जहर : मुश्किल में फंसे केजरीवाल, चुनाव आयोग ने पार्टी को नोटिस भेजकर मांगा सबूत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार हो रही बयानबाजी से चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। इसी बीच अपने आरोप को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मुश्किल में पड़ते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल उन्होंने आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला कर दिया है। इस पर चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है।

केजरीवाल ने दावा किया था कि अगर दिल्ली जल बोर्ड ने जहर नहीं पकड़ा होता, तो सामूहिक नरसंहार हो सकता था।

चुनाव आयोग ने चिंता जताई है कि 'केजरीवाल के आरोपों से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इनमें क्षेत्रीय समूहों के बीच दुश्मनी, पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच तनाव और पानी की कमी के कारण कानून-व्यवस्था की समस्याएं शामिल हैं। आयोग ने केजरीवाल से बुधवार रात 8 बजे तक सबूत देने को कहा है।




हरियाणा से यमुना में जहर छोड़ने जाने के आरोप पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक जवाब दिया है। कहा है कि अरविंद केजरीवाल उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करें जिसमें जलबोर्ड ने हरियाणा सरकार पर यमुना में जहर मिलाने की बात की है। यह बात साबित होती है तो वह खुद इसकी जिम्मेदारी लेंगे। बताएं कि कौन सा जहर यमुना में मिला है, उसका नाम क्या है। केजरीवाल का यह भी कहना है कि जहरीले पानी को उन्होंने रोक दिया, इसलिए दिल्ली बच गई। पानी रोकने आर्डर भी वह सार्वजनिक करें।

कालका जी विधानसभा में चुनावी सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हार सामने देख केजरीवाल बौखला गए है। इतनी घिनौनी राजनीति पर उतर आये हैं कि पड़ोसी राज्य हरियाणा पर दिल्ली के पानी में जहर मिलाने की अफवाह उड़ा रहे हैं। आप सरकार झूठ, फरेब, वादा खिलाफी और भ्रष्टाचारी सरकार है। केजरीवाल ने कहा था कि वह भ्रष्टाचार नहीं करेंगे। जबकि करोड़ों रुपये का शराब घोटाला किया। मंदिर, गुरुद्वारा, स्कूल सबके सामने शराब की दुकानें खोलीं गई और जेल भी गए। जलबोर्ड घोटाला, राशन घोटाला, डीटीसी बस घोटाला, क्लासरूम घोटाला किया और खुद के लिए करोड़ों का शीश महल बनवाया।

अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा। महाकुंभ में डुबकी लगाने का मजाक उड़ाया जा रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे कह रहे हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के मार्गदर्शन में मोबाइल मेडिकल यूनिट अर्बन द्वारा स्लम एरिया पटेल मार्ग पर चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें लगभग 127 मरीज का उपचार किया गया। 25 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। उक्त चिकित्सा कैंप में नरेंद्र कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी, डॉक्टर सौरव चिकित्सा अधिकारी, सरिता स्टाफ नर्स, नेत्र राम यादव स्टाफ नर्स, रोशन सौरभ इत्यादि उपस्थित रहे।

# योगेश त्रिपाठी ने परिवार सहित श्री रामलला के किए दर्शन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अयोध्या में बड़ी संख्या में भक्त रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। योगेश त्रिपाठी ने परिवार के साथ अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन किए। इसके उपरांत अयोध्या में हनुमानगढ़ी में पहुंचकर अंजनी पुत्र श्री हनुमान जी के दर्शन किए। पूरा अयोध्या आजकल जय जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो रहा है।

# किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाल शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) से जुड़े किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ट्रैक्टर मार्च निकालकर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र त्यागी के नेतृत्व में किसानों ने पहले राज चैपले पर एकत्रित होकर ट्रैक्टर मार्च निकाला और फिर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरना की शुरूआत कर दी। किसान नेताओं ने कहा कि उन्होंने 17 जनवरी को प्रशासन को अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया था, लेकिन आज तक उसका कोई समाधान नही किया गया ना ही हमारी मांगों के संबन्ध में भाकियू के किसी प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर चर्चा ही की गई। जिसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है। किसानों की प्रमुख मांगों में गन्ना भुगतान की समस्या का समाधान, लावारिस पशुओं की बढ़ती समस्या आदि प्रमुख है। सतेन्द्र त्यागी ने बताया कि गन्ना भुगतान न होने से किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे है, वहीं लावारिस पशु उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। आंदोलनकारी किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, तक तक धरना जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान कोई वरिष्ठ अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आया, जिससे किसानों में रोष और बढ़ गया। धरने में इरफान, गौरव त्यागी, विनीत त्यागी, अखिल, हैप्पी त्यागी, अरुण कसाना समेत कई किसान नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महानगर कांग्रेस कमेटी ने महाकुंभ में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद ने बुधवार को महाकुंभ में मृतक लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

घायलों की कुशलता के लिए प्राचीन मंदिर विजयनगर गाजियाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी के जल्द स्वस्थ होने की कामना करने के साथ-साथ मृतकों को उचित मुआवजा दिया जाए इसकी मांग भी की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रहलाद सिंह चावड़ा उपाध्यक्ष महानगर कांग्रेस कमेटी और अनिल भड़ाना तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 25 वाहनों की टक्कर

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर स्थित भोजपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। गांव कलछीना के पास सुबह करीब 9 बजे घने कोहरे के कारण लगभग 25 वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना उस समय हुई जब घने कोहरे के कारण एक वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इसके बाद पीछे से आ रहे वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए, जिससे चेन रिएक्शन की स्थिति बन गई।



हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार की आवाजें गूंजने लगीं। सूचना मिलते ही भोजपुर पुलिस और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ठलअक) के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायलों को वाहनों से निकालकर तत्काल गाजियाबाद के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सामान्य करने में जुटी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

 ● नई दिल्ली। गुरुवार 30 जनवरी-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# समय पर पहुंची दमकल की गाड़ियां वरना कोहराम मचा सकती थी कैलाभट्टा में लगी आग

## दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

## स्थानीय लोगों ने भी की आग बुझाने में मदद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन पर लगभग पांच बजे पीएसी चौक कैलाभट्टा के एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने के कुछ ही देर के भीतर फायर स्टेशन घंटाघर कोतवाली और पास लगी एक फायर टेंडर को मौके पर भेजा गया। आग कैलाभट्टा निवासी मेहराज मलिक के मकान संख्या चार पीएसी चौक पर ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। आग इतनी तेजी से प्रथम तल तक पहुंची कि उस वजह बुझाने के लिए दमकल की टीम को लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। राहत वाली बात यह रही कि दमकल विभाग की टीम ने आग को इस तरीके से बुझाया कि यह आग आसपास के घरों तक नहीं पहुंची। वहीं इस राहत एवं बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल ने बताया है की प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण हीटर से शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जिस वक्त घर में आग लगी परिवार के कई अन्य सदस्य भी मौजूद थे। वहीं आसपास के लोगों ने फायर टेंडर के मौके पर पहुंचने से पहले ही आग बुझाने में मदद का काम शुरू कर दिया था। राहत की बात यह रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं आग आसपास के इलाके में नहीं पहुंची।

आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकलकर्मी







### हादसे के वक्त घर में मौजूद था पूरा परिवार

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कैलाभट्टा पीएसी चौक पर मकान में जब आग लगी तो परिवार के लोगों ने एक कमरे में हीटर जला रखा था और उसी से शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी है। जिस वक्त आग लगने की यह घटना हुई स्क्रैप कारोबारी हेमराज मलिक व उनका पूरा परिवार मकान में ही मौजूद था। परिवार के सदस्य एक-एक करके बाहर निकले और आग बुझाने के लिए दमकल को फोन मिलाया। जिसमें आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई, राहत वाली बात यह रही कि आग की चपेट में परिवार का कोई सदस्य नहीं आया। आग लगने के दौरान घर में महिलाएं व बच्चे भी मौजूद थे।

### समय पर नहीं बुझती आग तो आसपास भी हो सकता था बड़ा नुकसान

**करंट क्राइम :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल ने जानकारी दी है कि आग ग्राउंड फ्लोर से फर्स्ट फ्लोर तक पहुंच गई थी, आग को बुझाने के लिए घर में ही तीन स्थानों पर हौज लगाकर आग बुझाने का काम किया गया ताकि आग ऊपर के तल और आसपास के मकान तक न पहुंचे। इस प्रयास में दमकल के कर्मियों को सफलता भी मिली, इसी वजह से आसपास के मकान और अन्य कीमती सामान आग की चपेट में नहीं आया और एक भीषण अग्नि हादसा होने से दमकल की टीम की वजह से बच गया।

### संकरा मार्ग और भीड़ की वजह से राहत था चुनौती पूर्ण

**करंट क्राइम :** दमकल विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जिस मकान में आग लगी थी उसके आसपास दुकान व अन्य बहुमंजिला भवन बने हुए हैं। जिसकी वजह से आग को समय रहते काबू पाना और पूरी तरीके से नियंत्रित करना बेहद आवश्यक था। इस दौरान कैला भट्ठा का मार्ग संकरा भी था और आग लगने की वजह से मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी लेकिन मौके पर मौजूद स्थानीय पुलिस और आम लोगों ने राहत और बचाव कार्य में हाथ बढ़ाया जिसकी वजह से यह ऑपरेशन सफल रहा।

# दस दिलों को मिलनी है राहत और सौ दिलों में नामित बनने की चाहत

## क्या उमड़ेगा दावेदारों का रैला, क्या फिर से दिखेगी भगवा अदावत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक बार फिर से भाजपा में उत्सव का माहौल आ रहा है। नामित पार्षदों के लिये बनता एक माहौल आ रहा है। भाजपा ने नामित पार्षदों की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अब ये माना जा रहा है कि दावेदारों का जैसा रैला महानगर अध्यक्ष के लिये उमड़ा था वैसे ही अब नामित पार्षदों के लिये भी ऐसा ही होगा। क्योंकि कहावत अब एक अनार और सौ बीमार वाली लागू होनी जा रही है। दस नामित पार्षद बनने हैं और सौ दावेदार बैठे हैं। यहां फिर से बायोडेटा लेकर दावेदार पहुंचेंगे। कोर कमेटी के अभी सारे छोर उस ओर बैठे हैं। कोई प्रयागराज में बिजी है तो कोई दिल्ली चुनाव में ड्यूटी दे रहा है। माना जा रहा है कि भले ही फार्मेट 30 जनवरी का दिया गया है लेकिन ये डेटलाइन फाइनल नहीं है अभी मामला आगे खिचेगा। इसी बीच दावेदारों की संख्या बढ़ जाएगी। दस पदों के लिये सौ आवेदन आने हैं। यहां फिर से एक बड़ी लाइन खिंचेगी। ऐसे में मेयर, विधायक, एमएलसी, मंत्री और संगठन पदाधिकारी खेमे से अपने-अपने नाम आएंगे।

### सांसद देंगे दखल या वो हो जाएंगे तटस्थ



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने महानगर अध्यक्ष वाले मामले में पहले ही कह दिया था कि यह संगठन का मामला है और इसमें जनप्रतिनिधियों का दखल नहीं होना चाहिए। हालांकि परंपरा के अनुसार संगठन ने जनप्रतिनिधियों से नाम मांगे और सभी ने अपनी-अपनी पसंद के तीन नामों का पैनल भेजा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने भी अपनी पसंद के तीन नाम भेजे। हालांकि उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट किया था कि महानगर अध्यक्ष वाले सीन में उनका कोई इंट्रेस्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन ने सांसद से नाम मांगे और सांसद ने तीन नाम भेज दिये। इससे आगे मैंने कोई रूचि अध्यक्ष वाले नाम में नहीं ली। अब ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि क्या वो दस नामित पार्षदों वाले सीन में कोई रूचि लेंगे। क्या वो अपनी पसंद के नाम देंगे या इस बार भी वो कोई दखल नहीं देंगे। अगर महानगर से पैनल मांग लिया गया तो क्या वो पैनल में अपनी पसंद के नाम देंगे। क्या सांसद की पसंद को संगठन तरजीह देगा।

### नदिया पार से लेकर लाइनपार तक रहेगा किसका जोर

**करंट क्राइम।** नामित पार्षदों की सिफारिश में जब जोर लगेगा तो लाइन पार वाले छोर से लेकर नदिया पार वाले जोर का नाम आएगा। शहर विधायक संजीव शर्मा लाइनपार कोटे से किसका नाम देंगे। साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा दस में से दस मंडल हासिल करने के बाद नामित वाले सीन में कितने स्कोर के साथ आएंगे। मुरादनगर अजीतपाल त्यागी किसके नाम पर वीटो लगा देंगे। किसके लिये जोर लगाएंगे ये सब भी अब तय हो जाएगा।

# चुनाव लड़ाने का कमिटमेंट हो तो विधायक अजीतपाल त्यागी जैसा

## जब से दिल्ली चुनाव में डाला डेरा तब से घर नहीं देखा है कैसा







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ लोग राजनीति को अपने व्यक्तित्व के भीतर जीते हैं। कुछ राजनेता अपने कमिटमेंट के प्रति इतने पक्के होते हैं कि उनकी मिसाल दी जा सकती है। ऐसे ही सियासी चेहरों में एक चेहरा मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी का है। अजीतपाल त्यागी लगातार दूसरी बार विधायक हैं। अपने क्षेत्र की राजनीति के वो मास्टर कहे जाते हैं। सबसे बड़ी खासियत उनके व्यक्तित्व की ये है कि पार्टी अगर उन्हें कोई दायित्व दे दें तो फिर वो अपने कमिटमेंट पर खरे उतरते हैं। इस बार मामला चुनावी कमिटमेंट का है और विधायक अजीतपाल त्यागी ने ये दिखा दिया है कि वो जिसके साथ होते हैं तो फिर उसके साथ होते हैं।

वो इन दिनों दिल्ली चुनाव में हैं और बताया जाता है कि उन्होंने दिल्ली में ऐसा डेरा डाला है कि तबसे अब तक सिर्फ एक बार गाजियाबाद का फेरा लगाया है। वो गाजियाबाद से 56 किलोमीटर दूर दिल्ली की एक विधानसभा में चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। अजीतपाल त्यागी दिल्ली की रिठाला विधानसभा सीट पर चुनाव प्रबंधन संभाल रहे हैं। पार्टी ने उनकी ड्यूटी लगाई है और इस बार भाजपा में भी ये मुलाहिजा हो रहा है कि अगर कमिटमेंट वाला कोई विधायक है तो वो मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी हैं। बताया जाता है कि वो 14 जनवरी से यहां चुनाव ड्यूटी पर आ गए थे। उन्होंने 14 जनवरी को दिल्ली की रिठाला विधानसभा क्षेत्र में डेरा डाल लिया था। चुनाव प्रबंधन का काम संभाल लिया था। तीन फरवरी तक वो चुनाव मैदान में ही डटे रहेंगे। बताते हैं कि वो रिठाला में ही डेरा डालकर प्रचार कर रहे हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में एक-एक चीज पर निगाह रख रहे हैं।

बूथ की समस्या से लेकर विधानसभा में कार्यकर्ता की समस्या का समाधान कर रहे हैं। वो चुनाव लड़ा रहे हैं और रिठाला विधानसभा देख रही है कि चुनाव कैसे लड़ाया जाता है। यहां से भाजपा ने कुलवंत राणा को उम्मीदवार बनाया है। कुलवंत राणा तीन बार विधायक रहे हैं। फिलहाल इस सीट पर आम आदमी पार्टी के संजय गोयल मौजूदा विधायक हैं। उन्हीं के सामने भाजपा ने कुलवंत राणा को मैदान में उतारा है। रिठाला विधानसभा में चार बार के सांसद रहे निशिकांत दुबे को भी लगाया गया है। कमिटमेंट का ये मुलाहिजा रिठाला विधानसभा सीट पर मुरादनगर के विधायक अजीतपाल त्यागी ने कर दिखाया है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में हुई किसान दिवस की बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में विकास भवन में स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा नई शिकायतें कृषकों द्वारा प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गयी। गत किसान दिवस में की गयी शिकायत के क्रम में सर्वप्रथम नजर खां पुत्र चांद खां निवासी ग्राम नाहल द्वारा ग्राम नाहल में जो मण्डी समिति का चबूतरा बना हुआ है, उसकी हालत जर्जर हो गयी है, इसकी मरम्मत का कार्य कराया जाये। मण्डी निरीक्षक श्री नाहर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि यह चबूतरा जिला पंचायत से संबंधित है तथा जिला पंचायत को सूचित कर दिया गया है।



विस्तृत खबर पेज 8 पर..

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

## श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में हुई सामूहिक प्रार्थना सभा : श्रीमहंत नारायण गिरि

### स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज व श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के निर्देशन में हवन कर मृतकों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**प्रयागराज, करंट क्राइम।** मौनी अमावस्या पर संगम घाट पर हुए दुखद हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में हवन किया गया। सामूहिक प्रार्थना सभा में साधु-संतों ने भगवान से दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान देने व घायलों को जल्द ही पूर्ण रूप से स्वस्थ करने की प्रार्थना की। श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में लगाए गए श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर में जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज तथा जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के निर्देश, नेतृत्व व अध्यक्षता, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेमगिरि महाराजए श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती की मौजूदगी में हुई प्रार्थना सभा में सभी साधु-संतों ने दुखद हादसे पर दुख जताया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।





### हवन में आहुति देकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई

हवन में आहुति देकर व भगवान की पूजा-अर्चना कर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने, उनके परिजनों को यह दुख सहन करने व घायलों के जल्द ही पूर्ण होने की प्रार्थना की। हवन व पूजा श्री दूधेश्यवर वेद विद्यापीठ के आचार्य तयारोज उपाध्याय ने कराई। महंत सूरज गिरि, महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य, महंत गोपाल गिरि महाराज, महंत कृष्ण चंद्र गिरि महाराज, महंत कृष्ण गिरि महाराज, रमता पंच, जूना अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, आहवान अखाड़ा के साधु-संतों तथा रानी भटियाणी मंदिर जसौल बालोतरा राजस्थान के संयोजक कुंवर हरिश चंद सिंह, ईश्वर सिंह बहुरानी, शैलेश भाई भावनगर, अंशुमान डोगरा आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए गंगा स्नान भी किया।





## संपादकीय

### सामाजिक ताना-बाना

एक दंपती के घर एक बच्चे का जन्म हुआ, लेकिन दिसंबर 2024 तक भी वे उसका नामकरण नहीं कर पाए क्योंकि दोनों एक-दूसरे के दिए नाम पर सहमत नहीं थे! दोनों की सहमति वाले नाम के साथ जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने में तीन साल लग गए। लेकिन यह नाम न तो उसकी मां का दिया था और ना ही पिता का, बल्कि कोर्ट ने उसे यह नाम दिया। बच्चे के जन्म के बाद से ही मां ने उसे आदि बुलाना शुरू कर दिया, लेकिन पिता भगवान शनि के नाम पर नाम रखना चाहते थे! हैरानी की बात थी कि पत्नी की गर्भावस्था शुरू होने के बाद से लेकर बच्चे के जन्म तक पति उससे मिलने नहीं आया। पति, पत्नी द्वारा दिए नाम पर राजी नहीं थी। इसलिए इस शनिवार तक, जन्म रिकॉर्ड के तौर पर किसी भी सरकारी एजेंसी में उसका कोई भी नाम रजिस्टर नहीं हो सका। दंपति बीच का कोई रास्ता नहीं निकाल पा रहे थे, ऐसे में पत्नी ने कोर्ट की शरण लेते हुए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से भरण-पोषण की मांग की। मैसूर के पास हुनसुर के इस दंपति ने सही नाम चुनने का काम न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के समूह पर छोड़ दिया, जिन्होंने उनके तीन साल के बच्चे के लिए एक नाम चुना। इस शनिवार को कोर्ट ने आखिरकार जाकर बच्चे के लिए आर्यवर्धन नाम चुना और इस निर्णय के बाद तलाक की कगार पर खड़े पति-पत्नी भी एक हो गए, दोनों ने एक-दूसरे को हार पहनाया और अपने तीन साल पुराने मतभेद पीछे छोड़ दिए। एक और उदाहरण लें। यह भी इसी शनिवार को हुआ। बलिया के स्थानीय मनियर बाजार में सब्जी की दुकान लगाने वाला छद्दू प्रसाद उर्फ गोलू तुरहा गले में एक तख्ती लटकाए पुलिस थाने पहुंचा, जिस पर लिखा था, आज के बाद किसी लड़की या महिला पर फब्तियां नहीं कसूंगा। पुलिस ने सख्त हिदायत देकर उसे छोड़ दिया। स्कूल और कॉलेज जानी वाली लड़कियों को ऐसे मनचलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए पुलिस ने एंटी रोमियो ऑपरेशन शुरू किया है और इसके अच्छे परिणाम आने लगे हैं। वह पुलिस के राडार में तब आया, जब एक स्थानीय व्यक्ति ने शिकायत की कि वह अपनी सब्जी की दुकान के सामने से गुजरने वाली लड़कियों पर फब्तियां कसता है। इस वजह से उसकी लड़की और वहां से आने जाने वाली अन्य महिलाएं-लड़कियों को शर्म के मारे अपना सिर झुकाकर निकलना पड़ता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जब उस मनचले को पता चला कि पुलिस उसे ढूंढ रही है, तब उसने आत्मसमर्पण कर दिया। ये दो उदाहरण बदलते समाज का प्रतिबिंब हैं। पहले मामले में पति-पत्नी के बीच का ईगो सामने आया। एक दंपति आम सहमति में असमर्थता के आधार पर अलगाव की मांग कर रहा है। अपने बच्चे को दुनिया में लाने के बाद उसका नाम क्या होना चाहिए? वाकई? ऐसी दुनिया में जहां एक क्लिक पर सैकड़ों नाम, उनके अर्थ सामने आ जाते हैं, क्या हमें वास्तव में ऐसे मामलों पर माननीय अदालतों को परेशान करने की जरूरत है? गांव का मुखिया या परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति इस मुद्दे को आसानी से हल कर सकता था।

# भारत में तेजी से बढ़ रही डिजिटल अर्थव्यवस्था

## 2030 तक 20 प्रतिशत होगी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी कुल अर्थव्यवस्था में 2030 तक बढ़कर करीब 20 प्रतिशत हो जाएगी। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई। बीते एक दशक से अधिक समय में देश में डिजिटल आधारित उद्योग 17.3 प्रतिशत की गति से बढ़े हैं। यह इस दौरान पूरी अर्थव्यवस्था की गति 11.8 प्रतिशत से अधिक थी। डिजिटल प्लेटफॉर्म का तेजी से विस्तार हुआ है और आने वाले वर्षों में यह प्लेटफॉर्म लगभग 30 प्रतिशत की दर से बढ़ सकते हैं। 'स्टेट ऑफ इंडिया डिजिटल इकोनॉमी रिपोर्ट' के अनुसार, 2022-23 में डिजिटल अर्थव्यवस्था में 1.46 करोड़ कर्मचारी या भारत के कार्यबल का 2.55 प्रतिशत हिस्सा कार्यरत था। इनमें से ज्यादातर नौकरियां (58.07 प्रतिशत) डिजिटल आधारित उद्योगों में हैं। कार्यबल मुख्य रूप से पुरुष है। हालांकि, डिजिटल प्लेटफॉर्म ने महिलाओं के लिए नौकरी के अवसर बढ़ाने में योगदान दिया है। आईटी मंत्रालय ने कहा कि भारत, अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डिजिटलीकृत देश है और व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं में डिजिटलीकरण के स्तर में जी20 देशों में 12वां स्थान है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था पूरी अर्थव्यवस्था की तुलना में लगभग दोगुनी तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, जो 2029-30 तक राष्ट्रीय आय में लगभग 20 प्रतिशत योगदान देगी। इसका मतलब यह है कि छह साल से भी कम समय में देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी कृषि या मैन्युफैक्चरिंग से अधिक हो जाएगी।



भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभरी है, जो 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 11.74 प्रतिशत (31.64 लाख करोड़ रुपये या 402 अरब डॉलर) थी। देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ने की वजह एआई, क्लाउड सर्विसेज का तेजी बढ़ना और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का उभरना शामिल है। भारत दुनिया के 55 प्रतिशत जीसीसी की मेजबानी करता है। मंत्रालय ने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म का तेजी से विस्तार एक निरंतर परिवर्तन का संकेत देता है और भारत में काम के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है।

## भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय कॉरपोरेट कंपनियां अर्थव्यवस्था की विकास दर को लेकर आशावादी हैं और सरकार से उम्मीद कर रही हैं कि आम बजट 2025-26 में पूंजीगत व्यय सरकारी नीतियों के केंद्र में रहेगा। यह जानकारी बिजनेस चैम्बर फिक्की द्वारा जारी किए गए सर्वे में दी गई। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के प्री-बजट सर्वे में बताया गया कि केंद्रीय बजट से पहले 64 प्रतिशत कंपनियां भारत की विकास दर को लेकर आशावादी हैं। सर्वे में भाग देने वाली करीब 60 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी की विकास दर 6.5 से 6.9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 की उच्च विकास दर 8 प्रतिशत से काफी कम है। इसकी वजह बाहरी कारकों के कारण लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों का होना है।



सर्वे में 68 प्रतिशत कंपनियों ने विकास की गति को बनाए रखने के लिए पूंजीगत व्यय को जरूरी बताया। भारतीय इंडस्ट्री के सदस्यों द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कैपेक्स आवंटन में कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। सर्वे में भाग लेने वाली आधे से अधिक कंपनियों का मानना है कि व्यापार में आसानी बढ़ाने के लिए सुधारों पर अधिक जोर होना चाहिए और उत्पाद बढ़ाने के लिए जरूरी जैसे भूमि अधिग्रहण, श्रम नियम और बिजली आपूर्ति जैसे क्षेत्रों में सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिए। सर्वे में कहा गया है कि जैसा कि पिछले साल के केंद्रीय बजट ने अगली पीढ़ी के सुधारों पर एक रोड मैप का संकेत दिया था। इंडस्ट्री के सदस्य इस पर आगे के मार्गदर्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सर्वे में लगभग 47 प्रतिशत भागीदारों को उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4.9 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा कर लेगी और अन्य 24 प्रतिशत ने बताया कि सरकार सुधार कर सकती है और चालू वर्ष के लिए कम राजकोषीय घाटा रिपोर्ट कर सकती है। इंडस्ट्री की ओर से मांग को लेकर चिंता जाहिर की गई। साथ ही कहा कि डायरेक्ट टैक्स स्ट्रक्चर का सरकार को रिव्यू करना चाहिए। अगर इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव किया जाता है, तो लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बचेगा और इससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। फिक्की का प्री-बजट 2025-26 सर्वे दिसंबर 2024 के अंत से लेकर जनवरी 2025 के मध्य तक किया गया था।

## रिटेल डिजिटल पेमेंट्स की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 16,146 करोड़ हुई: आरबीआई

**नई दिल्ली।** भारत के रिटेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम में लेनदेन की संख्या बीते 12 वर्षों में 100 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 16,416 करोड़ हो गई है। वित्त वर्ष 2012-13 में लेनदेन की संख्या 162 करोड़ थी। सेंट्रल बैंक की 'पेमेंट सिस्टम्स रिपोर्ट' में बताया गया कि पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर और पेमेंट परफॉरमेंस में मजबूत वृद्धि आरबीआई द्वारा प्रकाशित डिजिटल पेमेंट इंडेक्स में भी स्पष्ट है, जिसमें पिछले छह वर्षों में चार गुना से अधिक वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2024 तक बढ़कर 445.40 हो गया है, जो कि मार्च 2018 में 100 था।

भारत में डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम पिछले दशक में तेज वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया, कैलेंडर वर्ष 2013 में 222 करोड़ डिजिटल लेनदेन हुए थे और इनकी वैल्यू 772 लाख करोड़ रुपये थी। कैलेंडर वर्ष 2024 में डिजिटल लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 20,787 करोड़ और वैल्यू बढ़कर 2,758 लाख करोड़ रुपये हो गई है। बीते पांच वर्षों में भारत में डिजिटल पेमेंट्स की वॉल्यूम में 6.7 गुणा और वैल्यू में 1.6 गुणा का इजाफा हुआ है। आरबीआई की रिपोर्ट में आगे बताया गया कि भारत के डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। इस दौरान अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट



कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट में अनुसार, यूपीआई की वॉल्यूम और वैल्यू बीते पांच वर्षों में 89.3 प्रतिशत और 86.5 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है। यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई है, जो कि 2018 में 375 करोड़ थी।

## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में हुआ बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप चमके

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 631.55 अंक या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,532.96 और निफ्टी 205.85 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,163.10 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी खरीदारी देखने को मिली, जो निवेशकों के तेजी के रुझान को दिखाता है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,189.40 अंक या 2.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,718.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 532.05 या 3.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,540 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और फार्मा समेत सभी इंडेक्सों में खरीदारी देखी गई। केवल एफएमसीजी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ। व्यापक बाजार में तेजी का रुझान था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,979 शेयर हरे निशान में और 1,009 शेयर लाल निशान में और 94 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।



शेयर बाजार में तेजी के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप करीब 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 416 लाख करोड़ रुपये हो गया है। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स थे। भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक और एचयूएल टॉप लूजर्स थे। चॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, निफ्टी ने 22,800 के अपने सपोर्ट जोन से मजबूत रिकवरी दिखाई है और 23,100 के ऊपर बंद होने में कामयाब रहा, जो कि मजबूती का संकेत है। अगर आने वाले सत्र में अगर निफ्टी 23,300 के ऊपर बंद होता है, तो 23,650 और 23,800 के भी स्तर देखने को मिल सकते हैं। सोमवार को बाजार लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद तेजी के साथ बंद हुए थे। इस दौरान सेंसेक्स 535 अंक या 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,901 और निफ्टी 128 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,957 पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।
- शेर एक बच्चे के लिए लगभग 3,000 बार संभोग करते हैं!
- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- एक तुर्की नीतिवचन कहती है : एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।

## राशिफल

**मेष:** यदि पैसा कहीं फंसा हुआ है तो आज हाथ लग सकता है। अपने जीवनसाथी को उनकी पसंद का कोई तोहफा दें, तो आपका दिन अच्छा गुजर सकता है।

**वृष:** पेशेवर और व्यावसायिक संदर्भ में आपके लिए नए संपर्क बनाने का अनुकूल समय है। बीते समय से चल रहे प्रेम संबंध और अधिक परिपक्व हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज आपका पूरा दिन माता-पिता के साथ व्यतीत हो सकता है। आप उन्हें शॉपिंग पर ले जा सकते हैं। इससे उनका पूरा दिन काफी प्रसन्न रहेगा।

**कर्क:** आज बहुत अधिक काम करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह तनाव और थकान ही देगा। आप पारिवारिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए जीवन के फैसले लेंगे।

**सिंह:** विदेश व्यापार से जुड़े सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यात्रा की योजना बनेगी। आपको अपने विदेशी संपर्कों से लाभ मिलने की प्रबल संभावना है।

**कन्या:** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करेंगे। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

**तुला:** आज आपको यात्रा के अवसरों को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। दोस्तों के साथ कुछ रोचक और रोमांचक समय बिताने के लिए अच्छा दिन है।

**वृश्चिक:** व्यापार आदि से जुड़े लोग आज कार्यक्षेत्र में बेहतरीन तरक्की करेंगे। मित्रों से लाभ मिल सकता है और सरकारी अधिकारी आपकी मदद कर सकते हैं।

**धनु:** आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। व्यापार में धन लाभ के संकेत हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। काम के प्रति आपका उत्साह बना रहेगा।

**मकर:** आज किसी भी नए काम की शुरूआत में थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। दोस्तों के साथ मनोरंजक शाम बिताने का प्लान बनेगा।

**कुंभ:** शिक्षा से जुड़े जातकों की अच्छी प्रगति संभव है। रुचि के विषयों में आपका ज्ञान बढ़ेगा। आप छात्र शैक्षणिक क्षेत्र में चमकेंगे।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए शुभ है। आपका कोई दोस्त आपको अपने घर डिनर पर बुला सकता है। आपकी दोस्ती में मजबूती आएगी।

## चुटकुले

मास्टर जी- 'संगठन में ही शक्ति है' का एक अच्छा सा उदाहरण दो।
छात्र- जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता।
अब मास्टर जी के समझ नहीं आ रहा डांटू या तारीफ करूं?

---

सर्दी के मौसम में अचानक बारिश होने लगी।
पहला पागल बोला- चल अंदर चलते हैं।
आकाश में छेद हो गया है।
इतने में बिजली कड़की और दूसरा पागल बोला- चल सो जा लगता है वेल्डिंग वाले भी आ गये हैं।

---

बंटू : वेटर, ऐसी चाय पिलाओ जिसे पीकर मन झूम उठे और बदन नाचने लगे
वेटर : सर हमारे यहां भैंस का दूध आता है, नागिन का नहीं

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 30 01 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



पूजा गुप्ता (अभिनेत्री)



पिंटू तोमर (वरिष्ठ पत्रकार)

### आज के जन्मदिन




वंश सिंघल



गुनगुन



अर्चना सिंह



रिचा सूद



आरती गुप्ता



सुशील गौतम



अक्षयवीर त्यागी



अंकित त्यागी



नीरज नौटियाल



नीरज राजपूत



सुमित शर्मा



अमित धरान



नवनीत शर्मा



रवि तुषार



पंकज तोमर



सचिन चौहान



रचित



अंशुमा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जो 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

भारत का सामना मेहमान टीमों इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से होगा, जिसमें प्रत्येक टीम दो बार खेलेगी। उनका अभियान 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा।

जबरदस्त मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी।

टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं, जबकि सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री को



डिफेंडर के रूप में चुना गया है।

मिडफील्ड में, टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, लालरेमसियामी, बलजीत कौर और शर्मिला देवी शामिल हैं। टीम में फॉरवर्ड खिलाड़ियों में नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया शामिल हैं।

इसके अलावा, स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बनवारी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति सिंह के साथ-साथ फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नू और सोनम शामिल हैं।

विशेष रूप से, एफआईएच नियमों के अनुसार, यदि किसी टीम के पास एफआईएच प्रो लीग चरण के दौरान खेलने के लिए 4 से अधिक मैच निर्धारित हैं, तो वे पहले 4 मैचों के बाद अपने 24-सदस्यीय दल में संशोधन कर सकते हैं। हालांकि, कोई भी बदलाव उनकी पूर्व-स्वीकृत प्रतिस्थापन सूची के खिलाड़ियों का उपयोग करके किया जाना चाहिए। हाल ही में संपन्न महिला हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद सोनम के पास सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण का मौका है, जहां वह दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थीं। टीम के चयन पर बोलते हुए।

# चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचे, राशिद फिर शीर्ष पर

**दुबई ।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में सनसनीखेज छलांग लगाई है, जो इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद 25 पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

चक्रवर्ती ने राजकोट में तीसरे टी20 के दौरान पांच विकेट चटकाए, जो अब तक श्रृंखला का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें उन्होंने अपनी विविधताओं और सटीकता से बल्लेबाजों को चकमा देने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

चक्रवर्ती के प्रदर्शन ने भारत के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हालांकि वे मैच 26 रनों से हार गए। शीर्ष पांच टी20 गेंदबाजों में उनका नया स्थान सफेद गेंद वाले क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में उनके उदय को रेखांकित करता है।



चक्रवर्ती ने जहां धूम मचाई, वहीं इंग्लैंड के अनुभवी स्पिनर आदिल राशिद चुपचाप आईसीसी टी20 बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। राजकोट में 1/15 के किफायती स्पैल सहित श्रृंखला में राशिद के लगातार प्रदर्शन ने इंग्लैंड को श्रृंखला में बने रहने में मदद की, जो अब 2-1 से पीछे है। 36 साल की उम्र में राशिद का फिर से उभरना उनकी लंबी उम्र और कौशल का प्रमाण है। 2023 के अंत में पहली बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल करने के बाद, राशिद ने कुछ समय के लिए अकील होसेन को स्थान खो दिया था, लेकिन अब उन्होंने इसे फिर से हासिल कर लिया है, जिससे सबसे छोटे प्रारूप में उनकी प्रासंगिकता साबित होती है।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने भी रैंकिंग में 13 पायदान की छलांग लगाते हुए छठा स्थान हासिल किया। राजकोट में आर्चर के दो विकेट ने मुश्किल परिस्थितियों में गेंदबाजी करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया, जो राशिद के स्पिन मास्टरक्लास का पूरक है।

इस बीच, भारत के अक्षर पटेल शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं, वे पांच पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के उभरते सितारे तिलक वर्मा नंबर 1 स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के करीब पहुंच गए हैं। वर्मा ने मौजूदा सीरीज में 19*, 72* और 18 रन बनाए हैं और वे हेड से सिर्फ 23 अंक पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गए है।

# पार्थिव पटेल ने तीसरे टी20 में इंग्लैंड से भारत की हार में पांड्या की धीमी पारी की आलोचना की

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को यहां तीसरे टी20 में इंग्लैंड से भारत की 26 रन की हार के दौरान हार्दिक पांड्या के दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त की है। पटेल का मानना है कि पांड्या की धीमी पारी ने भारत को 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में विफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पावरप्ले में 48/3 के स्कोर पर भारत शुरूआती संकट में आ गया था, जब पांड्या पारी को संभालने के लिए आए। हालांकि, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने के बजाय, भारतीय ऑलराउंडर ने प्रवाह के लिए संघर्ष किया और काफी संख्या में डॉट बॉल खेली।



हालांकि उन्होंने अंतिम ओवरों में तेजी लाने का प्रयास किया और कुछ देर बाद छक्के लगाए, लेकिन 19वें ओवर में 35 गेंदों पर 40 रन बनाकर आउट होने के बाद भारत को अंतिम क्षणों में बहुत कुछ करना पड़ा।

पांड्या के मुंबई इंडियंस के पूर्व साथी पटेल ने इस ऑलराउंडर की पारी की आलोचना की, खास तौर पर इस बात की ओर इशारा करते हुए कि उन्हें जमने में काफी समय लगा।

स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए पटेल ने कहा, मुझे लगा कि जब आप अपना समय ले रहे होते हैं, तो आपको पिच की गति और उछाल के साथ तालमेल बिठाना होता है। लेकिन आप जमने के लिए 20-25 गेंदें नहीं ले सकते। इससे दूसरे बल्लेबाजों पर भी दबाव पड़ता है। अगर आप बड़े शॉट नहीं खेलना चाहते, तो कोई बात नहीं, लेकिन आपको स्ट्राइक रोटेट करते रहना होगा। आप लगातार तीन या चार डॉट बॉल नहीं खेल सकते।

वाशिंगटन सुंदर की 15 गेंदों पर 6 रन की धीमी पारी ने भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर दबाव और बढ़ा दिया।

# ज्यॉफ एलार्डिस ने आईसीसी के सीईओ पद से दिया इस्तीफा

**दुबई ।** ज्यॉफ एलार्डिस ने नई चुनौतियों को निभाने की इच्छा का हवाला देते हुए आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया है।



एलार्डिस ने 2020 में मनु साहनी को पद से हटाए जाने के बाद आठ महीने तक इस पद पर अंतरिम तौर पर काम किया था और इसके बाद नवंबर 2021 में उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था। वह आईसीसी में 2012 से ही काम कर रहे थे, जिसमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ कार्यकाल समाप्त करने के बाद आईसीसी में उन्होंने अपने शुरूआती दिनों में क्रिकेट के जनरल मैनेजर के रूप में काम किया था। एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के सीईओ पद पर कार्यरत रहना मेरे लिए गर्व की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों को वित्तीय लाभ पहुंचाना हो। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्य और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए अपार समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभेच्छाएं देता हूं। एलार्डिस ने पद छोड़ने का फैसला ऐसे समय लिया है जब कुछ ही दिन पहले बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह ने आईसीसी के अध्यक्ष के पद पर ग्रेग बार्कली की जगह ली है।

# स्टीव स्मिथ आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी हैं: वॉन

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने स्टीव स्मिथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि उन्हें एक दुर्लभ श्रेणी में रखती है, जिसकी तुलना महान डॉन ब्रैडमैन से की जा सकती है, क्योंकि दाएं हाथ के बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पार करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं।

स्मिथ ने बुधवार को गाले में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। स्मिथ अब दिग्गज एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के साथ इस उपलब्धि

वॉन ने कहा, अगर आप उनके नंबरों को देखें, तो बहुत कम लोग ही ऐसे हैं, जो डॉन ब्रैडमैन की तरह चर्चा में आए हैं। और जब आप डॉन से जुड़े होते हैं, तो आपको पता चलता है कि आप बहुत अच्छे हैं।

स्मिथ ने यह उपलब्धि अपने 115वें टेस्ट मैच में हासिल की, यह यात्रा 2010 में शुरू हुई जब उन्होंने लॉर्ड्स में पाकिस्तान के खिलाफ अपना डेब्यू किया। उस समय, स्मिथ को मुख्य रूप से लेग स्पिनर माना जाता था, जो निचले क्रम में बल्लेबाजी करते थे। अपने डेब्यू मैच में उन्होंने तीन विकेट लिए,



को हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। इसके अलावा, वह इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले दुनिया के सिर्फ 15वें क्रिकेटर बन गए हैं, जो खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनके प्रभुत्व को रेखांकित करता है।

वॉन ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, मैं तर्क दूंगा कि वह आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट मैच खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि वह सबसे अच्छे समस्या समाधानकर्ता हैं। उनकी तकनीक अनोखी है, लेकिन ऐसा लगता है कि वे गेंदबाज के हाथ से गेंद को सबसे जल्दी पहचान लेते हैं। उनके पास मैदान का अध्ययन करने और पिच पर किसी भी दिन क्या चल रहा है और क्या नहीं, यह पता लगाने की अद्भुत क्षमता है।"

लेकिन केवल 13 रन बनाए। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, वे खेल के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक बन गए, जिन्होंने बेजोड़ स्थिरता और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने स्मिथ के लेग स्पिनर से टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक बनने के बारे में बताया।

गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट को बताया, "मुझे लगता है कि जो सबसे आश्चर्यजनक है, वह यह है कि इसकी शुरूआत कैसे हुई और कैसे वह टीम में नंबर 8 या 9 पर लेग स्पिन गेंदबाजी करने के लिए आए। जबकि हम अभी भी वॉर्नी (शेन वॉर्न) के प्रतिस्थापन की तलाश में थे।

# स्मिथ के 10,000 टेस्ट रन पूरे, यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**गाले ।** अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को यहां गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन अपने पहले स्कोरिंग शॉट के साथ अपने 10,000 टेस्ट रन पूरे किए। कार्यवाहक कप्तान एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई और यह उपलब्धि हासिल करने वाले कुल 15वें खिलाड़ी बन गए।

35 वर्षीय स्मिथ एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के साथ 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हो गए। दिलचस्प बात यह है कि तीनों ने जब अपना 10,000वां रन बनाया था, तब वे टेस्ट टीम के कप्तान थे।

अपनी 205वीं पारी में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या की गेंद पर मिड-ऑन पर सिंगल लेकर, पारी के



हिसाब से 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले पांचवें सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

मैचों के मामले में, केवल ब्रायन लारा (111) ने स्मिथ के 115 से कम टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की है। लारा, सचिन तेंदुलकर, कुमार संगकारा (सभी ने 195 पारियां लीं) और रिकी पोंटिंग (196) ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने कम पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, केवल पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 196 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की है।

स्मिथ ने 55 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं, जबकि कुमार संगकारा बेहतर औसत (57.40) के साथ 10,000 के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में, केवल जो रूट के 12,972 टेस्ट रन स्मिथ से अधिक हैं।

भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपने करियर के 9,999 रनों पर आउट होने के बाद, स्मिथ ने बुधवार को पहली गेंद पर अपना 10,000वां रन बनाया।

# चेन्नई में 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए लोगो और शुभंकर का अनावरण

**चेन्नई।** 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए आधिकारिक लोगो और शुभंकर का बुधवार को यहां अनावरण किया गया, जिससे भारत के प्रमुख पैरा-एथलेटिक्स इवेंट के लिए मंच तैयार हो गया। 17 से 20 फरवरी तक होने वाली इस चैंपियनशिप में देश भर से 1,700 से अधिक पैरा-एथलीट हिस्सा लेंगे, जो लचीलापन, दृढ़ संकल्प और खेल उत्कृष्टता का जश्न मनाएंगे।




अनावरण समारोह में तमिलनाडु के अतिरिक्त मुख्य सचिव अतुल्य मिश्रा, एसडीएटी के सदस्य सचिव और आयोजन अध्यक्ष मेघनाथ रेड्डी, भारतीय पैरालंपिक समिति के सचिव जयवंत गुंडू, अर्जुन पुरस्कार विजेता और भारतीय पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी थुलसिमथी मुरुगेसन और तमिलनाडु पैरालंपिक खेल संघ के सचिव किरुबाकारा राजा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

इस गौरवपूर्ण क्षण में, सभी गणमान्य व्यक्तियों ने चैंपियनशिप का लोगो और शुभंकर उठाया, जिससे पैरा-एथलीटों के सशक्तिकरण के लिए तमिलनाडु की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

तमिलनाडु पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से अपना पूरा समर्थन देते हुए, तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) ने इस चैंपियनशिप को वास्तविकता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

खेलों को आगे बढ़ाने के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, एसडीएटी एसडीएटी-एशिया ट्रायथलॉन कप का आयोजन और प्रायोजन भी कर रहा है।

# कीवी खिलाड़ी डेबी हॉकले ने आईसीसी पुरस्कार जीतने के लिए मेली केर की तारीफ की

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड की महान क्रिकेटर और हॉल ऑफ फेमर डेबी हॉकले ने 24 वर्षीय मेली केर की प्रशंसा की है। मेली को 2024 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है।

स्टार ऑलराउंडर ने आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

यूएई में न्यूजीलैंड की आईसीसी टी20 विश्व कप सफलता की स्टार केर ने आईसीसी की महिला टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने जाने के कुछ ही दिनों बाद, सर्वोच्च पुरस्कार जीतने के लिए कई प्रतिभाशाली दावेदारों को पीछे छोड़ दिया।




केर ने 2024 के शानदार कैलेंडर वर्ष का समापन 15.55 की औसत से 29 टी20 इंटरनेशनल विकेट लेकर किया। उन्होंने आईसीसी टी 20 विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने का नया रिकॉर्ड भी बनाया; और उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूनामेंट दोनों का खिताब मिला।

24 वर्षीय खिलाड़ी ने वनडे क्षेत्र में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें बल्ले से 33.00 की औसत और 14 विकेट शामिल हैं- जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट शामिल हैं।

हॉकले ने कहा कि पुरस्कार जीतने में केर की उपलब्धि महत्वपूर्ण थी।

उन्होंने कहा, मैं मीले की प्रदर्शन में निरंतरता की इच्छा और उसे पूरा करने की उनकी क्षमता की बहुत प्रशंसा करता हूं। यही बात एक अच्छे खिलाड़ी को एक महान खिलाड़ी से अलग करती है।

केर का मानना है कि क्रिकेट का आनंद लेने और गेंदबाजी क्रीज में सुधार के कारण उन्हें सफलता मिली और उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता।

केर ने अपनी सफलता के बारे में पूछे जाने पर कहा, पिछले एक साल में, मुझे लगता है कि मेरी गेंदबाजी में सुधार हुआ है। इसका बहुत कुछ 'स्पिन ग्रुप' पर निर्भर करता है जिसके साथ मैं काम करती हूं। मुझे पॉल वाइजमैन और अन्य लोगों के साथ काम करना बहुत पसंद है। हम कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन बहुत एंजॉय भी करते हैं।

# दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी मुकाबले में विराट पर रहेंगी निगाहें (प्रीव्यू)

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली में हाल ही में सर्दी के दिनों में, सुबह की ठंड के चले जाने के बाद सूरज की रोशनी तेज हो गई है। लोग विटामिन डी के सेवन के लिए सर्दियों की धूप में बैठे हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी के क्रिकेट प्रशंसक गुरुवार से अरुण जेटली स्टेडियम में धूप का आनंद लेंगे।

रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट में प्रवेश करने की बहुत कम गणितीय संभावना के साथ, दिल्ली गुरुवार से शुरू होने वाले सीजन के अपने अंतिम ग्रुप डी मुकाबले में रेलवे का सामना करेगी। उनकी नॉकआउट की उम्मीदें कई अनुकूल परिणामों पर टिकी हैं, लेकिन स्टेडियम में उमड़ने वाले प्रशंसकों का ध्यान आने वाले चार दिनों में करिश्माई विराट कोहली के बल्लेबाजी प्रदर्शन पर रहेगा।

आपको याद होगा कि कोहली ने दिल्ली के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। उन दिनों, क्रिकेट इतना व्यस्त नहीं था जितना कि अब है, जबकि सोशल मीडिया का उछाल अभी भी कुछ साल दूर था।

अब, बीसीसीआई द्वारा भारतीय खिलाड़ियों को जब भी संभव हो घरेलू क्रिकेट खेलने की सिफारिश के बाद, कोहली 12 वर्षों में पहली बार रणजी ट्रॉफी खेल खेलने के लिए तैयार हैं। गर्दन की ऐंठन के कारण राजकोट में उनकी रणजी ट्रॉफी वापसी में देरी हुई, लेकिन कोहली का अब रणजी ट्रॉफी में घर वापसी करना लगभग तय है, क्योंकि यहीं से उन्होंने सभी प्रारूपों में भारतीय टीम का अभिन्न अंग बनने की अपनी यात्रा शुरू की थी।



रेलवे के खिलाफ मैच में कोहली की हर चाल के केंद्र में उनकी बल्लेबाजी होगी, दिल्ली के कप्तान आयुष बदौनी के दावे के अनुसार, हरी पिच पर उनकी बल्लेबाजी पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे एकमुश्त जीत हासिल कर सकें। यह मैच कोहली को मैदान पर बहुमूल्य समय बिताने और भारत के लिए लगातार दो 50 ओवर के असाइनमेंट पर जाने से पहले कुछ बहुत जरूरी प्रवाह हासिल करने का अवसर देता है।

ऑस्ट्रेलिया में 3-1 की टेस्ट सीरीज की हार में ऑफ-स्टंप के बाहर आउट होने से कोहली का संघर्ष मुख्य कारण था, उनका नाबाद पर्थ शतक एक उल्लेखनीय अपवाद था। अलीबाग में पूर्व भारतीय और आरसीबी बल्लेबाजी कोच संजय बांगर के साथ अपने खेल पर काम करने और अब दिल्ली टीम में शामिल होने के बाद, यह देखना दिलचस्प होगा कि कोहली इस मैच में बल्ले से कैसा प्रदर्शन करते हैं, जहां वे सभी की निगाहों और कैमरों के आकर्षण का केंद्र हैं।

ऋषभ पंत के उपलब्ध न होने और प्रणव राजवंशी के आने की संभावना के कारण, कोहली का छठे स्थान पर रहने वाली दिल्ली टीम में शामिल होना उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप के लिए बहुत बड़ी मदद है, जो राजकोट की पिच पर पूरी तरह से आउट हो गई थी, जो शुरू से ही टर्न लेती थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दस विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा।

दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि उन्होंने दूसरे दिन लंच और चाय के बीच अपनी दूसरी पारी के सभी दस विकेट खो दिए। इसके अलावा, सौराष्ट्र के अनुभवी स्पिनरों, जिनमें से एक निश्चित रवींद्र जडेजा हैं, और दिल्ली के युवा स्पिनरों शिवम शर्मा, सुमित माथुर और हर्ष त्यागी के बीच गुणवत्ता का अंतर भी स्पष्ट था।

# विद्यार्थियों के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अध्ययन से कल होगा सुरक्षित : नगर आयुक्त

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर निगम की अनूठी पहल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में लोहिया नगर हिंदी भवन में गाजियाबाद नगर निगम, शिक्षा विभाग गाजियाबाद तथा चिंतन एनवायरमेंटल रिसर्च और एक्शन ग्रुप के माध्यम से स्वच्छता के ऊपर शहर के स्कूलों के साथ संवाद कार्यक्रम रखा गया जिसमें 80 स्कूलों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सभी स्कूलों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की शिक्षा विद्यार्थियों को दी जाए। उपस्थित 110 शिक्षकों से चर्चा की गई, सभी शिक्षिकाओं ने उत्साह पूर्वक शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गीला कचरा प्रबंधन सूखा कचरा प्रबंधन पर चर्चा की।

### नगर आयुक्त ने स्वच्छता पर शहर के 110 शिक्षकों से किया सीधा संवाद

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद के सभी विद्यार्थी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर अध्ययन करेंगे जिससे न केवल आज शहर को स्वच्छता मिलेगी बल्कि कल भी सुरक्षित होगा। सभी स्कूलों में कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक बहिष्कार, चार रंग की डस्टबिन का उपयोग, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, होम कंपोस्टिंग की की जानकारी विद्यार्थियों को देना बेहद जरूरी है जिसके लिए गाजियाबाद के स्कूलों के साथ सीधा संवाद किया गया।

### स्वच्छता को लेकर हर घर होगा जागरूक, शिक्षकों की होगी अहम भूमिका : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**करंट क्राइम।** सभी स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला भी लगाई जाएगी, विद्यार्थी अपने व्यवहार में स्वच्छता की शिक्षा को लेकर आएंगे जिससे आसपास के क्षेत्र में भी स्वच्छ वातावरण होगा, नई सोच के साथ गाजियाबाद नगर निगम शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने का प्रयास कर रहा है जो की प्रशंसनीय है। सेंट थॉमस स्कूल, सन वैली स्कूल, बलभरती स्कूल, होली एंजेल स्कूल, समस्त कंपोजिट स्कूल, कैलावती स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनगर, एम एम एच स्कूल, नगर पालिका बालिका विद्यालय चंद्रपुरी व अन्य नगर निगम की स्कूल की शिक्षिकाएं प्रधानाचार्य व अन्य टीम उपस्थित रही।

### शिक्षा विभाग स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाएगा स्वच्छता का पाठ, निगम ने की शुरुआत

**करंट क्राइम।** चिंतन एनजीओ के सदस्य श्रीजन माथुर द्वारा उपस्थित शिक्षिकाओं को किस प्रकार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जाना है विस्तार से प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। उपस्थित शिक्षकों ने अपने अनुभव को भी साझा किया तथा सूखा गीला कचरा के अलावा हानिकारक कचरा तथा ई-वेस्ट के बारे में भी विस्तृत चर्चा कार्यक्रम में की, घर का कचरा किस प्रकार दूसरे के लिए उपयोगी बन सकता है जागरूकता पर भी विचार विमर्श हुआ विद्यार्थियों को भी इसी क्रम में जागरूक करने के लिए कार्य योजना बनाई गई चिंतन टीम से रोनित कुमार गौतम अदिति जोशी बालकिशन निवेदिता व अन्य उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, शिक्षा विभाग से बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, जिला समव्यक रुचि त्यागी, बेसिक शिक्षा विभाग से पूनम शर्मा तथा पवन कुमार भाटी तथा एसबीएम टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता आईएएस ने भोजपुर क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

## अवैध खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 10 डम्पर, 2 पॉकलैंड व 1 ग्रेडर मशीन किये जब्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तहसील मोदीनगर की एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता आईएएस द्वारा भोजपुर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि भोजपुर में अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। अधिक छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि यह भोजपुर का खसरा नम्बर-268, 278 है।

औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से सचिन पंवार नायब तहसीलदार भोजपुर, आलोक गुप्ता राजस्व निरीक्षक, गौरव मलिक लेखपाल, गौरव भारद्वाज लेखपाल, रितु लेखपाल, सुबोध लेखपाल, संदीप कुमार पेशकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**संबंधित प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस विभाग क्षेत्रों का करें निरंतर निरीक्षण, कहीं भी ना होने पाए अवैध खनन : डॉ.पूजा गुप्ता**

### अवैध खनन करने व कराने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही : एसडीएम

**करंट क्राइम।** एसडीएम पूजा गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर अवैध खनन करने वाली एपीएस कम्पनी की 10 डंपर गाड़िया, 2 पॉकलैंड व 1 ग्रेडर मशीन को जब्त करते हुए मय चालकों के साथ अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना भोजपुर के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होने बताया कि एपीएस कम्पनी द्वारा यहां बिना अनुमति के खनन किया जा रहा था, जो कि अवैध है। इसके साथ ही उन्होंने थानाक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र का निरंतर निरीक्षण करें और अवैध खनन सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने व कराने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।




### हैरान होगें हाईकमान वाले जब पार्षदी मांगते दिखेगें अध्यक्षी मांगने वाले

ये भगवा हाईकमान भी केसरिया देवतुल्यों के साथ इमोशनल खेला ही कर रहा है। पहले कहा कि जिसके भी मन में हसरत हो अध्यक्ष बनने की वो आवेदन कर दे। ढाई विधानसभा के शहर में फूल वालों का अध्यक्ष बनने के लिये गदर मच गया। ऐसे वैसे ना जाने कैसे कैसे आ गये अध्यक्षी मांगने। अभी अध्यक्षी का रिजल्ट आया नही कि फिर से एक बार इमोशन का खेला और चाहतों का मेला वाला सीन होने जा रहा है। अब निगम के नामित पार्षद वाली प्रकिया शुरू होने का एलान हो गया है। असली हैरान तो अब होगें भगवा हाईकमान वाले जब पार्षदी मांगते दिखेगें महानगर अध्यक्षी मांगने वाले। कहने वाले ने कहा कि हाईकमान बस इतना एलान कर दे कि जो जो नामित पार्षद बनना चाहते हैं वो वो आवेदन कर दें। फिर देखना कैसे कैसे आते हैं निवेदन के साथ अपना आवेदन लेकर। जो 62 चेहरे महानगर की अध्यक्षी मांग रहे थे उनमें से तीस को हम भी दिखा देगें नामिनेट मेंबर बनने के लिये इसी दफ्तर में आवेदन करते हुये।

### जो बागी होकर लड़े और हारे वो भी चाहते हैं पार्टी उनका नाम विचारे

फूल क्रांतिकारी अपनी जगह ठीक हैं और लायलपुर खेमा अपने तर्कों के साथ है। जो बागी होकर चुनाव लड़े और फूल को हरा कर जीते वो फिर से भाजपाई हो गये। हारा हुआ फूल अपने जख्म सहलाता ही रह गया और हाईकमान ने कह दिया बी कूल हम चुनाव देखें या तेरी नाराजगी। और बगावत का ईनाम भी मिला है और कई बागी मडंल प्रधान बन भी गये हैं। बागी कह रहे हैं कि हम कौन सा फ्लावर गेट पर माथा टेकने गये थे। वो घर वापिसी को कहने आये थे हम घर वापिस हो गये इसमें कोई अहसान वाली बात ही नही है। अब जब से नामित वाली आवाज उठी है तब से बागी होकर लड़े भगवा फूल चाहते हैं कि पार्टी उनका नाम विचारे। वो कह रहे हैं कि भले ही हम हार गये मगर हमनें अपनी टीआरपी का जलवा दिखाया है। अगर हम इतने ही बुरे थे तो हमें वापिस बुलाया ही क्यों गया। अब आ ही गये हैं तो फिर हक भी मांगेगें और भागीदारी भी मांगेगें।

### मंदिर तो ले गये थे रेल से मगर कुंभ के नाम पर नही आया कोई

जनवरी का ही तो महीना था जब राम वालों का फूल रहा पिछले बरस ही सीना था। फूल वालों के दफ्तर से स्पेशल बस गई और रामभक्त अयोध्या गये। स्पेशल रेल के कोच बुक हुये और मास्टर जी टूर के लिये नियुक्त हुये। मगर एक साल में ही हाल बदल गया। इस बरस भी जनवरी का महीना आया मगर न कोई बस लेकर आया न किसी ने रेल का डिब्बा बुक कराया। मंदिर ले जाने वालों ने कुंभ का जिक्र किसी मात्रा में नही किया और प्रयागराज की निशुल्क यात्रा का इंतजाम भी किसी भगवा नेता ने नही किया। पता नही आस्था कम हो गई या फिलहाल कोई चुनाव आसपास नही हैं। जो भी हो इस साल जनवरी के महीने में राम श्रद्धा भी कूल रही और कुंभ भी भूल गये।

# अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की बैठक का हुआ आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर के गांव चित्तौड़ा में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अमन सिंह का चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा परविंदर आर्य व संचालन अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश उपाध्यक्ष व राजबहादुर चौधरी को सदस्य पद का प्रदेश अध्यक्ष अमन सिंह व प्रदेश महामंत्री हरबीर सुमन के द्वारा मनोनयन पत्र सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अमन सिंह ने कहा समाज में फैली इन कुरीतियों को बाहर निकलना होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी व वीरपाल मलिक ने कहा समाज में जो आपस में तनाव बनते हैं झगड़े होते हैं समाज की जिम्मेदारी बनती है कि हम बैठकर उनको दूर काराये और जाट समाज के विवाद यदि दूसरे समाज के साथ हैं उनके भी हम फैसले काराये जिससे झगड़ों से बचें कोर्ट कचहरी से बचें। इन झगड़ों से जो कोर्ट कचहरी में खर्चा होता है उसे अपने बच्चों के विकास पर लगाएं। इस अवसर पर एचपी सिंह परिहार पूर्व मेयर आशु वर्मा, चौधरी तेजपाल सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह, सुधन रावत, अशोक चौधरी, अजय प्रमुख, अजयवीर चौधरी, डा. जे बी एस चिकारा, नरेश सिरोही, मोहित प्रमुख, रविंद्र चौधरी, राहुल चौधरी डैनी, पूर्व आई ऐ एस ओमबीर सिंह बीरवाल, पूर्व डिप्टी एसपी एस एस लोर, वंदना चौधरी, सुमन चौधरी, गजेंद्र पायल, रविंद्र तेवतिया, रूपेश पूनिया, सतीश नेहरा, सुभाष चौधरी, प्रदीप मुखिया, कपिल चौधरी, बिट्टू खंजरपुर, चौधरी दिलावर सिंह, बॉबी मांड्या, रॉकी चौधरी, विनय फखराना, लीलू फफराना, योगेश फफराना, सतीश राठी, वीर सिंह सलेमाबाद, वीर सिंह विनोद काजमपुर रामू डायरेक्टर, चौधरी अजीत सिंह प्रधान, बॉबी प्रधान, अरुण प्रधान, रविंद्र प्रधान, अल्स्टन प्रधान, जितेंद्र प्रधान, सुंदरपाल प्रधान, चांद सिंह प्रधान, भूपेंद्र प्रधान, चौधरी समरजीत सिंह, हरेंद्र फौजी, सतीश तेवतिया, गोविंद तेवतिया, आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### कार सवार युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां रंजिश के चलते चार लोगों ने एक कार सवार युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव आकलपुर के पास की है। पीड़ित ओमप्रकाश, जो गांव भौयरा का रहने वाला है।

### पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयासों से वार्ड 61 में पानी की समस्या होगी दूर

**वार्ड 61 वसुंधरा की जनता ने कहा, थैंक्यू पार्षद जी!**





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 61 वसुंधरा के सेक्टर 2 बी में 30 एचपी सबमर्सिबल पम्प का नारियल फोड़ कर पार्षद शिल्पा चौधरी ने शिलान्यास किया। पिछले काफी समय से इस क्षेत्र में पानी की समस्या थी जिसको देखते हुए पार्षद शिल्पा चौधरी ने अथक प्रयास से आज शिलान्यास किया। पार्षद शिल्पा चौधरी ने जनता की समस्या को हल करने के लिए दिन-रात एक कर दिया। इस मौके पर जनता ने पार्षद शिल्पा चौधरी का धन्यवाद किया तथा उनको थैंक्यू बोला। इस मौके पर आशीष चौधरी महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, रविन्द्र प्रधान, आकाश चौधरी, रामकृष्ण श्रीवास्तव, नवीन त्यागी, रोशन पर्चा, धर्मेंद्रपाल, रविन्द्रशर्मा, राजीव, महेंद्र प्रधान, मिस्टर राय, निशि त्यागी, गुंजन, संगीता, सीमा, कुसुम गोसाईं, सुशीला भंडारी, मोनिका गुप्ता, मंजु श्रीवास्तव, पूनम, शीला शर्मा, सुधा गिरधर, रितिक जैन, शिवानी सक्सेना, अनामिका, सीता वर्मा, मीणा पाल, अमित, छवी गुप्ता, रितु श्रीवास्तव, आदि लोग उपस्थित रहे।




### पुराने वाहनों से थाना पुलिस परेशान

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार थाने, पुलिस बल और वाहनों की संख्या बढ़ रही है। तो वहीं यूपी पुलिस से लेकर कमिश्नरेटों में लगातार पुलिस की वर्किंग से लेकर वाहनों की व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। पर ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन दिनों सिटी के कई थानों में थाने के पुराने वाहन थाने और चौकियों पर लग हुए हैं। इन पुराने वाहनों की वजह से पुलिस परेशान चल रही है। तो वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह के दौरान सिटी जोन के दो प्रमुख थानों के वाहन खराब होने की जानकारी मिली है। तो वहीं चौकी पर चलने वाली कई पुलिस की बाइकें भी खस्ता हाल हैं। एक तरफ पुलिस आधुनिकरण स्कीम चल रही है, तो दूसरी तरफ पुलिस को हाईटेक बनाने का प्रयास होता चला आ रहा है।




पर पुराने और खस्ता हाल हो चुके वाहन ना सिर्फ पुलिस की रफ्तार रोक रहे हैं बल्कि उनके मिशन को भी रोकने का काम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया है कि सिटी के जिन दो थानों में बीते दिनों थाने वाली माइक मोबाइल खराब होने की जानकारी मिली है, तो उसमे वाहन नदिया पार के एक थाने की पुरानी गाड़ी लगाई गई थी। सुनने में आया है कि उसकी भी हालत ऐसी थी कि वह ठीक से चल नहीं रही थी। ऐसे में कोई घटना या अनहोनी हो जाए, तो सब कुछ भगवान भरोसे ही चल रहा है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लाइन वाले इलाके की एक चौकी पर भी ऐसा ही हाल बताया जा रहा है। जहां गाड़ी अधिकांश खड़ी रहती है, तो वही दो और थानों को लेकर भी ऐसी ही सूचनाएं हैं। तो वहीं रेलवे लाइन के निकट वाले एक कैंपस में भी पुरानी गाड़ियों की चर्चा हमेशा सुनने को मिलती है। कुल मिलाकर पुलिस के थाना प्रभारियों के पास और प्रमुख थानों में तो अप टू डेट वाहन होने ही चाहिए ताकि वह किसी भी स्थिति और परिस्थिति से निपट सके। उनकी स्पीड और कंडीशन ठीक हो। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बीते दिनों पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने रात को अलग-अलग थानों में पहुंचने का सिलसिला शुरू किया है, अगर उनकी नजरें ऐसे वाहनों पर गई तो, इस मामले में जल्द ही कोई एक्शन और फिर रिएक्शन वाला सीन भी नजर आ सकता है।

# राणा प्रताप स्कूल में विदाई समारोह एवं गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित राणा प्रताप हा० सै० स्कूल में रविवार को विदाई समारोह एवं 76वां गणतंत्र दिवस का संयुक्त आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जिसे विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया ने सम्पन्न किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति की भावना से भर गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया ने अपने संबोधन में कहा, गणतंत्र दिवस हमें संविधान और हमारे अधिकारों की याद दिलाता है। इसके पश्चात विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सीनियर्स के लिये जूनियर्स द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। जूनियर्स छात्रों ने सीनियर्स के लिये संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों के साथ अपने स्नेह और शुभकामनाएं व्यक्त की। संदेश में छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा, यह केवल विदाई नहीं है, बल्कि एक नये सफर की शुरूआत है। हमारे लिए आप हमेशा परिवार का हिस्सा रहेंगे। जीवन में अपने लक्ष्य को पाने के लिये कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और छात्रों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### किसान बैठक



**मोदी नगर, करंट क्राइम।** सहकारी गन्ना किसान समिति मोदीनगर की बोर्ड बैठक बुधवार को समिति के सभाकक्ष में चेयरमैन राजकुमार की अध्यक्षता में सुबह 12 बजे आयोजित हुई। इसमें गन्ना किसानों के हित के लिए कई प्रस्ताव भी पारित किए गए।

# पार्षद रवि भाटी की माताजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद रवि भाटी की पूज्यनीय माताजी स्व. श्यामवती देवी की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हवन करके भंडारा प्रसाद वितरण करके पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। रवि भाटी ने मोनी अमावस्या पर अपनी माताजी के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी ने पुण्यतिथि में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले सभी पार्टी पदाधिकारियों, समाज के प्रबुद्धजनों, माताएं, बहनें, क्षेत्रवासियों व समस्त आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### ध्वजारोहण






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजय नगर एम ब्लॉक आर डब्ल्यू ए के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस मनाया गया। भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी जयपाल सिंह ने रईसपुर गांव में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में यूनुस सरकार के खिलाफ रोष

## इस्तीफे की मांग पर अवामी लीग की बड़े आंदोलन की तैयारी



**बांग्लादेश में अलपसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे है इसी बीच बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार करने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शनों करने की घोषणा की है**

**ढाका ।** देखा जाए तो ये प्रदर्शन आवामी लीग पहला बड़ा प्रदर्शन होगा। हालांकि पार्टी के अधिकतर नेता पिछले साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध आंदोलन के बाद से या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या अंडरग्राऊंड हैं। बता दें कि अवामी लीग ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान जारी किया है जिसमें बताया गया है कि वह 1 फरवरी से सड़कों पर उतरकर हड़ताल और नाकाबंदी कार्यक्रमों के माध्यम से अंतरिम सरकार के इस्तीफे के लिए दबाव बनाएगी।

पुार्टी द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि पार्टी शनिवार से बुधवार तक पर्चे बांटेगी और अपनी मांगों के लिए अभियान चलाएगी। 6 फरवरी को देशभर में विरोध मार्च और रैलियां आयोजित की जाएंगी और 10 फरवरी को प्रदर्शन और रैलियां होंगी। इसके बाद 16 फरवरी को देशभर में नाकेबंदी की जाएगी और 18 फरवरी को पूरे दिन की सख्त हड़ताल होगी।

**हसीने के खिलाफ आरोप वापस लेने की मांग** : साथ ही पार्टी ने हसीना और अन्य नेताओं के खिलाफ हत्या और अन्य आरोपों को वापस लेने की भी मांग की है, जिन्हें हास्यास्पद मुकदमे करार दिया गया है। ग

ाौरतलब है कि पार्टी ने पहले 10 नवंबर को विरोध शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन इसे लागू नहीं कर सकी। अवामी लीग 5 अगस्त के बाद से काफी हद तक निष्क्रिय रही है, जब शेख हसीना विद्रोह के बाद भारत भाग गईं थीं।

**एक नजर यूनुस सरकार की असफलता पर** : इन दिनों बांग्लादेश में उच्च पेंशन और अन्य लाभ दिए जाने की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

# कांगो हिंसा : युगांडा की अपील - बातचीत की मेज पर आएं सभी पक्ष

**कंपाला ।** युगांडा ने पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लड़ाई को समाप्त करने के लिए संघर्ष में शामिल पक्षों के बीच बात करने की अपील की है। इसकी जानकारी एक शीर्ष अधिकारी ने दी। युगांडा के आईसीटी और राष्ट्रीय मार्गदर्शन मंत्री क्रिस बायोर्मुंसी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सोमवार को कैबिनेट की बैठक के दौरान बातचीत के लिए निर्णय लिया गया। बायोर्मुंसी ने कहा, ₹एक सरकार के रूप में, हमारा विचार है कि संघर्षरत समूहों को बातचीत के लिए मेज पर आना चाहिए और संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजना चाहिए। जैसा कि हम सभी जानते हैं, डीआरसी कई वर्षों से शांत नहीं है ।उन्होंने कहा कि चल रही लड़ाई न केवल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बल्कि पूर्वी अफ्रीकी समुदाय (ईएसी) के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। ईएसी आठ देशों को एक साथ लाने वाला एक क्षेत्रीय समूह है। उन्होंने कहा कि युगांडा ईएसी के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा शिखर सम्मेलन आयोजित करने के प्रयासों का स्वागत करता है। इसका उद्देश्य उस बढ़ते संघर्ष को खत्म करना है, जिसमें कई लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग विस्थापित हुए हैं।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को कहा कि वह पूर्वी डीआरसी में बढ़ती हिंसा से बहुत चिंतित हैं। उन्होंने मार्च 23 मूवमेंट (एम 23) के जारी आक्रमण और डीआरसी के पूर्वी प्रांत नॉर्थ किवु की राजधानी गोमा की ओर आगे बढ़ने की अपनी कड़ी निंदा दोहराई। गुटेरेस ने एम 23 से सभी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों को तुरंत बंद करने और कब्जे वाले क्षेत्रों से हटने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पूर्वी डीआरसी में 2025 की शुरूआत से 400,000 से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। इस बीच, डीआरसी में तनाव बहुत अधिक है क्योंकि मार्च 23 मूवमेंट विद्रोही समूह और डीआरसी सेना के बीच पूर्वी शहर गोमा में लड़ाई जारी है।

# अब व्हाइट हाउस में 'नई मीडिया' को प्रवेश, प्रेस सचिव बोले- मकसद राष्ट्रपति ट्रंप के संदेश का असरदार प्रसार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब अमेरिका में नए मीडिया के लिए दरवाजे पूरी तरह से खोल दिए है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की है कि अब व्हाइट हाउस प्रेस ब्रीफिंग रूम में पॉडकास्टर्स, सोशल मीडिया पर सक्रिय लोग और कंटेंट निमार्ताओं जैसे नए मीडिया के प्रतिनिधियों को भी सीटें दी जाएंगी। इसका उद्देश्य उन समूहों को भी व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में शामिल करना है, जिनका पहले यहां प्रतिनिधित्व नहीं था।




### ट्रंप का संदेश पहुंचना में होगी आसानी

मामले में जानकारी देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि आजकल बहुत से लोग, खासकर युवा, पारंपरिक टीवी और अखबारों से हटकर पॉडकास्ट, ब्लॉग और सोशल मीडिया के जरिए समाचार प्राप्त करते हैं। उनका कहना था कि यह कदम ट्रंप के संदेश को और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए है और व्हाइट हाउस को 2025 के बदलते मीडिया परिदृश्य के हिसाब से अनुकूल बनाना है।

**न्यू मीडिया सीट के नाम से जानी जाएगी पहली पंक्ति** : व्हाइट हाउस की सबसे कम उम्र की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि प्रेस ब्रीफिंग रूम में जो पहली पंक्ति की सीट होती थी, वो अब न्यू मीडिया सीट के नाम से जानी जाएगी। बता दें कि अमेरिका के स्वतंत्र पत्रकार, पॉडकास्टर्स, सोशल मीडिया प्रभावितों और सामग्री निमार्ताआ व्हाइट हाउस प्रेस क्रेडेंशियल के लिए आवेदन व्हाइट हाउस की वेबसाइट के माध्यम से कर सकते है।

### लेविट की टीम करेगी आवेदनों की समीक्षा

आवेदन के बाद कैरोलिन लेविट की टीम उन लोगों के आवेदन की समीक्षा करेगी जो व्हाइट हाउस प्रेस क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए योग्य हैं और जिनके पास यूएस सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा आवश्यकताएं भी पूरी होती हैं।

अपनी पहली प्रेस ब्रीफिंग में, लेविट ने नए मीडिया के प्रतिनिधियों से सवाल किए, जिनमें कुछ प्रमुख समाचार वेबसाइट्स शामिल थीं, जिनके पास व्हाइट हाउस प्रेस ब्रीफिंग रूम में अब तक सीट नहीं थी। लेविट ने इस पहल के उद्देश्य पर डाला प्रकाश साथ ही जब इस नई पहल के बारे में पूछा गया।

# यूएनएचसीआर ने जाम्बिया में शरणार्थियों की मदद के लिए सौर परियोजना शुरू की

**लुसाका ।** शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने जाम्बिया में शरणार्थी बस्तियों में सौर फोटोवोल्टिक परियोजना शुरू की, जिससे शरणार्थियों और आसपास के समुदायों का जीवन सहज हो सके।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सौर परियोजना से देश की राजधानी लुसाका, देश के उत्तरी भाग में मंटापला शरणार्थी बस्ती और देश के पश्चिमी भाग में मेहेबा शरणार्थी बस्ती को लाभ मिलने की उम्मीद है।

यह यूएनएचसीआर और जाम्बिया के गृह मंत्रालय और आंतरिक सुरक्षा के सहयोग से संभव हुआ है। यह परियोजना शरणार्थी बस्तियों को एक स्थिर बिजली आपूर्ति प्रदान करेगी और बिजली की कमी के कारण जाम्बिया में बार-बार बिजली कटौती से उत्पन्न चुनौतियों को कम करेगी।



लुसाका में मकेनी रिफ्यूजी ट्रांजिट सेंटर में परियोजना के शुभारंभ के दौरान जाम्बिया में यूएनएचसीआर की प्रतिनिधि प्रीता लॉ ने कहा, ₹जैसा कि हम सभी जानते हैं, विस्थापित व्यक्तियों को आवश्यक सेवाएं और सुरक्षा प्रदान करने के लिए विश्वसनीय ऊर्जा तक पहुंच महत्वपूर्ण है। बार-बार बिजली कटौती से उत्पन्न चुनौतियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमें ऐसे अभिनव समाधान तलाशने चाहिए जो तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करें और अधिक टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश है, बल्कि मानवीय गरिमा के लिए भी निवेश है।

# भारत ने खारिज किए कनाडा चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप, एमईए ने कहा- हमारा इससे कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली ।** भारत-कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में हुए चुनावों में भारत के हस्तक्षेप के आरोपों को विदेश मंत्रालय ने खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारा इससे कोई संबंध नहीं है। कनाडाई आयोग ने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत ने संघीय चुनाव में तीन राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को गुप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रॉक्सी एजेंटों का इस्तेमाल किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने कनाडा चुनाव में हस्तक्षेप पर कथित गतिविधियों के बारे में एक रिपोर्ट देखी है। वास्तव में यह रूस और अन्य देशों द्वारा चुनावों में किए गए हस्तक्षेप की जांच के लिए बने आयोग के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा था।

पिछले साल कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा ने भारत पर चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया था। कनाडाई खुफिया विभाग ने कहा था कि कनाडा में भारत सरकार का एक सरकारी प्रॉक्सी एजेंट था, जिसका चुनावों में हस्तेक्षप करने का इरादा था। 2021 में भारत सरकार ने छोटे जिलों में हस्तेक्षप करने की कोशिश की थी।

भारत को लगता था कि कनाडाई चुनाव का एक हिस्सा खालिस्तानी आंदोलन और पाकिस्तान समर्थक राजनीति से





कनाडा ही है जो भारत के आंतरिक मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता रहा है। इससे अवैध प्रवास और संगठित आपराधिक गतिविधियों के लिए भी माहौल तैयार हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि हम भारत पर आक्षेप लगाने वाली रिपोर्ट को खारिज करते हैं। उम्मीद करते हैं कि अवैध प्रवासन को सक्षम करने वाली सहायता प्रणाली को आगे बरकरार नहीं रखा जाएगा।

कनाडा के एक अखबार की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि भारत ने संघीय चुनाव में तीन राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को गुप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रॉक्सी एजेंटों का इस्तेमाल किया। इस मामले में तत्कालीन पीएम जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर 2023 में न्यायमूर्ति मैरी जोस हॉग को चीन, जुड़ा हुआ है। दस्तावेज के अनुसार, खुफिया जानकारी के अनुसार, प्रॉक्सी एजेंट ने भारत समर्थक उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में दखल दिया जा सके।

**हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भी भारत पर लगाए थे आरोप** : कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले को लेकर आरोप लगाए थे। निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाया गया था। भारत ने इन बेतुके आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। इसके साथ ही भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया था।

# उत्तर कोरियाई अधिकारियों पर शराब पीने और अन्य गड़बड़ियों का आरोप

**सोल ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने पार्टी के अधिकारियों को शराब पीने और अन्य गड़बड़ियों को लेकर सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने इसे 'बड़ा अपराध' बताया। उनके इस कदम को आंतरिक अनुशासन को सख्त बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। किम जोंग-उन ने सोमवार को वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की आठवीं केंद्रीय समिति की 30वीं बैठक में पार्टी का अनुशासन तोड़ने और गलत तरीके से विशेषाधिकारों का इस्तेमाल करने के गंभीर मामलों पर बात की। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केएनसीए) के हवाले से दी है। केसीएनए ने बताया कि बैठक में ओनचोन काउंटी, नम्फो नगर पालिका और जगांग प्रांत के एक काउंटी के अधिकारियों के 'गलत कामों' का खुलासा हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि पार्टी ने निष्कर्ष निकाला कि



ओनचोन में 40 अधिकारियों पर काउंटी पार्टी समिति की बैठक के लिए सही तरीके से तैयारी नहीं करने और सार्वजनिक सेवा सुविधाओं पर शराब पीने का आरोप है, जिसे 'पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन' माना गया। 'उसी' काउंटी में कृषि निरीक्षकों पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने 'क्षेत्रीय निवासियों को परेशान किया। अपनी कानूनी ताकत का गलत तरीके से इस्तेमाल करके उनकी संपत्ति हड़प ली' जिसे एक गंभीर अपराध माना गया।

# अमेरिका से निर्वासित कोलंबियाई लोगों का पहला जत्था स्वदेश पहुंचा, राष्ट्रपति पेट्रो बोले- प्रवासी अपराधी नहीं, इंसान हैं

**बोगोटा ।** अमेरिका से निर्वासित लोगों को लेकर कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के दो विमान मंगलवार देर रात देश की राजधानी बोगोटा में उतरे। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने पुष्टि की।

पेट्रो के निर्देश पर कोलंबियाई नागरिकों को ह्यूस्टन, टेक्सास और सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से वापस लाया गया।

पेट्रो ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर विमान से उतरते लोगों की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'वे कोलंबियाई हैं, वे स्वतंत्र और सम्मानित हैं और अपनी मातृभूमि में हैं, जहां उन्हें प्यार किया जाता है। प्रवासी कोई अपराधी नहीं है, वह एक इंसान है जो काम करना और प्रगति करना चाहता है।

पेट्रो ने रविवार को निर्वासित लोगों को ले जा रहे अमेरिकी सैन्य विमानों को प्रवेश देने से मना कर दिया और कहा कि उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है।



इस कदम पर उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने सभी कोलंबियाई सरकारी अधिकारियों के वीजा रद्द करने और कोलंबिया से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी।

इसके बाद दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि कोलंबियाई विमान निर्वासित लोगों को बिना हथकड़ी के, सुरक्षित और सम्मानजनक परिस्थितियों में, कोलंबिया सरकार के अनुरोध के अनुसार ले जाएंगे।

इससे पहले दिन में ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया था कि कोलंबिया से अमेरिका आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा, जो एक सप्ताह में बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा।

जवाब में, कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सोशल मीडिया पर कहा था कि कोलंबिया अमेरिकी सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर जवाब देगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबियाई परिवार कल्याण संस्थान ने कहा कि निर्वासित कोलंबियाई लोगों में 26 नाबालिग थे।

# मधुमेह पीड़ित लड़की की मौत के मामले में बड़ा फैसला

## ऑस्ट्रेलियाई धार्मिक समूह के 14 सदस्य दोषी करार

**कैनेबरा ।** चौकाने वाली बात ये है कि इस हत्या के आरोप में लड़की के माता-पिता और भाई समेत उनके धार्मिक समुदाय के 12 अन्य सदस्य दोषी पाए गए हैं।

### माता-पिता के साथ दोषी पाया गया भाई

बता दें कि ये घटना 7 जनवरी 2022 की है, जब लड़की एलिजाबेथ रोज स्टुह्स की मौत मधुमेह (टाइप-1) के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण हो गई। मामले में लड़की के पिता जेसन रिचर्ड स्टुह्स और समुदाय के नेता ब्रेंडन ल्यूक स्टीवंस दोनों को हत्या के दोषी पाया गया। इसके अलावा लड़की की मां केरी एलिजाबेथ स्टुह्स और भाई जैचरी एलन स्टुह्स समेत अन्य 12 सदस्य भी दोषी ठहराए गए हैं। क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट ने सभी 14 आरोपियों को हत्या का दोषी माना है।

क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार इन सभी दोषियों को 11 फरवरी को सजा सुनाई जाएगी और



**ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक 8 साल की लड़की की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जहां तीन साल के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है कि मधुमेह पीड़ित लड़की एलिजाबेथ रोज स्टुह्स की मौत मधुमेह (टाइप-1) के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण हुई थी**

हर एक को अधिकतम उम्रभर की सजा होने की संभावना जताई गई है।

कोर्ट के फैसले के बाद लड़की की बहन जेडे स्टुह्स ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हालांकि उन्हें कोर्ट का फैसला अच्छा लगा, लेकिन उन्हें यह महसूस हुआ कि सिस्टम ने पहले एलिजाबेथ की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असफलता दिखाई।

जडे ने कहा कि अगर पहले ही एलिजाबेथ को सुरक्षित जगह पर नहीं भेजा गया होता या उसे बचाने के लिए सही कदम उठाए जाते तो शायद यह दुखद घटना नहीं होती।

एक नजर सुनवाई पर क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मार्टिन बर्न्स ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अभियोजन पक्ष यह नहीं कर पाया कि मामले में लड़की के पिता और धार्मिक नेता गुनेहगार नहीं है और उनकी लापरवाही से लड़की की जान नहीं गई है। हालांकि न्यायाधीश ने यह भी माना कि लड़की के माता-पिता ने अन्य आरोपियों के सहयोग से उस बच्ची की देखभाल के मामले में मानक से बहुत अलग व्यवहार किया।

गौरतलब है कि मधुमेह पीड़ित 8 साल की लड़की एलिजाबेथ रोज स्टुह्स की मधुमेह (टाइप-1) के लिए निर्धारित इंसुलिन के इंजेक्शन नहीं देने के कारण 7 जनवरी 2022 को मौत हो गई थी। मामले में माता-पिता ने इलाज करवाने के बजाय धार्म गुरु की बातों पर विश्वास किया।

# पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति राजपक्षे के बेटे हेराफेरी मामले में दोषी करार, 2016 में हुई थी गिरफ्तारी

**कोलंबो ।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे को 2015 से पहले भारतीय निवेश से जुड़े हेराफेरीके मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया। 38 वर्षीय नमल राजपक्षे को 2016 में गिरफ्तार किया गया था। उनपर रग्बी के खेल को विकसित करने के लिए कृष होटल परियोजना के पैसे से 70 मिलियन श्रीलंकाई रुपये का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। कोलंबो के मध्य में स्थि कृष होटल परियोजना को रद्द कर दिया गया और अधूरा निर्माण कार्य अभी भी वैस ही पड़ा हुआ है। राहगीरों के लिए खतरे को देखते हुए एक अन्य अदालत में इसकी असुरक्षित स्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।



**अनुरा कुमार दिसानायके के राष्ट्रपति बनने के बाद मुद्दे को उठाया गया** : अनुरा कुमार दिसानायके के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद इस मामले को एक बार फिर उठाया गया, जिसके बाद पुलिस ने एकबार फिर नमल राजपक्षे से पूछताछ की। इसके एक हफ्ते बाद उनके छोटे भाई योशिथा को इसी तरह के संदिग्ध संपत्ति मामले को लेकर गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। नमल राजपक्षे को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के बारे में मालूम चला। इस पोस्ट में कहा गया, यह स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार ने राजपक्षे परिवार के खिलाफ राजनीतिक साजिश शुरू कर दी है।

### महिंदा राजपक्षे को करना पड़ा सरकार के गुस्से का सामना

महिंदा राजपक्षे को हाल ही में सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था, क्योंकि वे सरकारी वास खाली करने में विफल रहे थे। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति पर करदाताओं के खर्च पर लाभ उठाने का आरोप लगाया।

उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा में भारी कटौती करने की सरकार की कार्रवाई को पलटने के लिए पहले ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। विपक्ष का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति संवैधानिक तौर पर सेवानिवृत्ति लाभ के हकदार हैं।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आहूत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में विकास भवन में स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा नई शिकायतें कृषकों द्वारा प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गयी।

## किसानों की समस्याओं का किया गया निराकरण

गत किसान दिवस में की गयी शिकायत के क्रम में सर्वप्रथम नजर खां पुत्र चांद खां निवासी ग्राम नाहल द्वारा ग्राम नाहल में जो मण्डी समिति का चबूतरा बना हुआ है, उसकी हालत जर्जर हो गयी है, इसकी मरम्मत का कार्य कराया जाये। मण्डी निरीक्षक श्री नाहर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि यह चबूतरा जिला पंचायत से संबंधित है तथा जिला पंचायत को सूचित कर दिया गया है। सतेन्द्र द्वारा शिकायत की गयी कि शुगर मिल मोदीनगर की ब्याज की आर०सी० करीब 25 करोड़ रुपए वसूले जायें। आर०सी० वर्ष 2018-19 को जारी हुई थी, लेकिन आज तक मात्र 2.35 करोड़ की वसूली हुई है बाकी 21.65 करोड़ रुपए वसूलने की कृपा करें। उक्त के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयुक्त गन्ना एवं चीनी मिल उत्तर प्रदेश के कार्यालय द्वारा गन्ना मूल्य की विलम्बित अवधि पर देय ब्याज का भुगतान चीनी मिल द्वारा उत्पादित चीनी एवं सह उत्पादों की बिक्री से 85 प्रतिशत के अतिरिक्त मिल के अपने निजि स्त्रोतों से कराने के निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में मोदी शुगर मिल को निर्देशित किया जा चुका है। कृषक सचिन कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम-अमराला एवं पिंटू पुत्र वीरपाल द्वारा की गयी शिकायत दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस–वे व भोजपुर टोल से कलछीना गांव तक सर्विस रोड बनायी जाये, ताकि आस-पास के गांव के किसानों को आने जाने में सुगमता हो और सभी किसानों को इसका लाभ प्राप्त हो। इस शिकायत के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जहां से जहां तक की भी सड़क खराब है वहां का अक्षांतर एवं देशांतर को निर्धारित प्रारूप पर सर्वे कर समस्त जनपद की सड़कों का उप कृषि निदेशक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसान दिवस में 24 कृषकों द्वारा शिकायत की गयी, जिसके निराकरण के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायत लिख कर किसान दिवस के दो सप्ताह पहले उप कृषि निदेशक को उपलब्ध करा दें तथा उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों को एक रजिस्टर पर दर्ज किया जाये तथा संबंधित अधिकारियों को समय रहते भेजकर शिकायतों का निराकरण कराया जायें।

## अधिकारियों को शिकायत निस्तारण के लिए किया निर्देशित

अन्त में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसान दिवस में सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रकरण आने चाहिए, व्यक्तिगत रूप से की गयी शिकायत का समाधान अपने स्तर से संबंधित कार्यालय से कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ उन्होने किसानों से कहा कि वे अपनी शिकायत को लिखित में देते हुए सम्बंधित कागज (तथ्य) भी संलग्न करें और हो सके तो सुझाव भी दें, जिससे की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत के निस्तारण हेतु निर्देशित किया जा सके। सुर साथ ही उपस्थित कृषकगण एवं अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। आज के किसान दिवस में लगभग 80 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# नमो भारत ट्रेन में एनसीएमसी कार्ड पर छूट, हर यात्रा पर 10% की बचत

## टिकट काउंटर पर लॉयल्टी पॉइंट्स भी कर सकेंगे रीडीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेन यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की है। अब यात्री एनसीएमसी कार्ड का उपयोग करके हर यात्रा पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा कंपनी के नए लॉयल्टी पॉइंट प्रोग्राम का हिस्सा है इस योजना के तहत यात्री टिकट खरीद पर प्रति रुपये एक लॉयल्टी पॉइंट अर्जित करेंगे। प्रत्येक पॉइंट का मूल्य 10 पैसे होगा, जो सीधे यात्री के एनसीएमसी खाते में जमा होगा। उदाहरण के लिए, 100 रुपये के टिकट पर यात्री को 100 पॉइंट्स मिलेंगे, जिनकी कीमत 10 रुपये होगी।

एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई विकल्प उपलब्ध कराए हैं। यात्री नमो भारत मोबाइल ऐप से डिजिटल क्यूआर टिकट खरीद सकते हैं या स्टेशन के टिकट काउंटर पर अपने लॉयल्टी पॉइंट्स को रीडीम कर सकते हैं। यह सुविधा सभी एनसीएमसी कार्डधारकों के लिए उपलब्ध है।

इस पहल का उद्देश्य न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ पहुंचाना है, बल्कि पेपरलेस टिकटिंग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान करना है।

नियमित यात्रियों को इस योजना से विशेष लाभ होगा, क्योंकि जितनी अधिक यात्राएं करेंगे, उतने ही अधिक पॉइंट्स जमा कर सकेंगे। यात्रियों के अधिक कुशल और आरामदायक यात्रा अनुभव के लिए उन्हे नमो भारत मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐप के हर नए उपयोगकर्ता को एप डाउनलोड करने पर 50 (500 लॉयल्टी पॉइंट्स के बराबर) मिलते हैं।

इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्ता दूसरों को ऐप रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट्स भी कमा सकते हैं। रेफर करने वाले और रेफरी दोनों को 50 (500 लॉयल्टी पॉइंट के बराबर) मिलेंगे, जो उनके संबंधित खातों में जमा किए जाएंगे।

अर्जित किए गए सभी लॉयल्टी पॉइंट्स क्रेडिट की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध हैं, जो नियमित, सतत यात्रा और ऐप के साथ निरंतर जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। नमो भारत ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर दोनों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। ये यात्री-केंद्रित पहल नमो भारत यात्रियों के लिए किफायती, सुविधाजनक और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की एनसीआरटीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। ये आधुनिक, ज़िम्मेदार और कुशल परिवहन को बढ़ावा देने वाले अभिनव समाधानों को लागू करने के प्रति एनसीआरटीसी के समर्पण को भी दर्शाते हैं।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने महाकुंभ की घटना पर दुःख जताया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रात 2 बजे महाकुंभ में भगदड़ के कारण जो दुखद घटना हुई है इस घटना में जिन परिवार के लोगों ने अपनी जान गवा दी है उनके प्रति गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की पूर्ण कमेटी अपना दुख प्रकट करती है और सरकार के सहयोग के लिए हर तरीके से पूरा सिख समाज हर तरीके से तैयार है।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की कमेटी के सभी पदाधिकारी ने निर्णय लिया है की शाम को पाठ के बाद जो रोज गुरु साहब के समस्त खड़े होकर जो अरदास होती है जिसमें शरबत का भला मांगा जाता है। अरदास में महा कुंभ की भगदड़ में जान गंवाने वाले मृतकों के प्रति आत्मा की शांति के लिए अरदास की जाएगी। ग्रंथि जी के द्वारा प्रयागराज के आसपास रहने वाली सिख संगत से भी संपर्क करके कहा गया है कि जो भी सरकार का हम इस दुख की घड़ी में परिवारों के लिए सहयोग कर सकते हैं हम लोगों को सहयोग करना चाहिए। जब भी देश में कोई भी इस तरीके दुख की घड़ी आती है सिख समाज अगली पंक्ति में खड़े होकर सहयोग करने की कोशिश करता है, हर करता रहेगा। इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूर्ण सिख समाज सरकार के साथ हर तरीके से खड़ा है।

# महाकुंभ दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा को प्रभु शांति प्रदान करें : ओम दत्त कौशिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज नगर मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक ने प्रयागराज की दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है और कहा कि प्रभु दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करे। उन्होंने आगे कहा कि महाकुंभ में भारतवर्ष व अन्य देशों से भी काफी संख्या में तीर्थयात्री आ रहे हैं। पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने सुचारु रूप से व्यवस्था कर रखी है जो कि लाजवाब है। जगह-जगह कंबल व अन्य वस्तुओं से विद्यमान टैंट की व्यवस्था कर रखी है। जगह-जगह पर तीर्थ यात्रियों के लिए खाने की व्यवस्था। तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कठोर पुलिस बल की व्यवस्था कर रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित महाकुंभ में संतों के माध्यम से सनातन को मजबूत होने का एक संदेश मिल रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक उत्तम प्रदेश बन चुका है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में जनता को विकास कार्यों की बहुत बड़ी सौगात दी है। सीएम ने कुशल नेतृत्व से उत्तर प्रदेश को दंगाइयों और भ्रष्टाचारियों से मुक्त किया है। ऐसा केवल योगीराज में ही संभव है जो कि सराहनीय है।



# अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए इंदिरापुरम में चला महाअभियान

## समस्त जोनल प्रभारी, स्वास्थ्य उद्यान तथा निर्माण ने संभाली कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध महाअभियान चलाया है जिसमें पांचों जोन के जोनल प्रभारी व टीम उपस्थित रही साथ में निर्माण विभाग, उद्यान विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम भी उपस्थित रही। वार्ड संख्या 87, 81 तथा 97 के अतिक्रमण को हटाया गया है, हिंडन नदी से शुरू करते हुए काला पत्थर होते हुए एनएच 24 तक लगातार अभियान चला है। मौके पर जेसीबी का भी इस्तेमाल किया गया है, पुराने अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्रवाई को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने नगर निगम टीम को धन्यवाद किया।

## 2:00 से 5:00 तक निरंतर चली कार्रवाई



अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त मौके पर उपस्थित रहे जिनके नेतृत्व में कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। 2:00 से 5:00 तक निरंतर कार्रवाई चली। अवैध रूप से पक्के निर्माण को भी हटाया गया तथा अवैध रूप से स्थाई बने हुए खो के भी हटाये गए, ठेला ठेली पटरी को भी मार्गो से पीछे कराया गया रास्तों में लगे हुए जनरेटर को भी हटाया, निगम की कार्यवाही मे पार्षदों द्वारा भी विशेष सहयोग किया गया।

## अवैध अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए भी की गई अपील

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा दो दिन और महाअभियान चलाया जाएगा जिसमें मुख्य मार्गों के साथ-साथ इंदिरापुरम के आंतरिक क्षेत्र में भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा निगम टीम का सहयोग करने के लिए शहरवासियों से अपील भी की गई है, साथ ही आवागमन बाधित न हो। अवैध अतिक्रमण खुद हटाने के लिए भी अपील की गई है। महा अभियान के दौरान मौके पर पुलिस बल तथा गाजियाबाद नगर निगम प्रवर्तन दल भी उपस्थित रहा। व्यापारी वर्ग ने भी निगम का सहयोग किया।

# दिल्ली लोकसभा चुनाव में खिलेगा कमल : मनोज भाटी एडवोकेट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर कार्यकारी सदस्य मनोज भाटी एडवोकेट ने कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी इस बार भारी मतों से जीतकर दिल्ली में कमल खिलाएगी और दिल्ली को भ्रष्टाचारियों और दंगाइयों से मुक्त करके दिल्ली को साफ और स्वच्छ शहर बनाएगी। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी को साफ करने के बड़े-बड़े वायदे किए थे लेकिन वह सभी वायदे झूठे निकले। शराब में इतना बड़ा घोटाला किया जिस वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा। इतना सब होने के बाद भी वह केवल अपनी सफाई जनता को देते हैं और दिल्ली की जनता को झूठ बोलकर भ्रमित करते हैं लेकिन इस बार होने वाले चुनाव में दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देगी और दिल्ली में कमल खिलेगा।

# रेड क्रॉस ने रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रेड क्रॉस गाजियाबाद द्वारा रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन लार्सन टूबरों कंपनी हापुड़ में किया गया जिसका शुभारंभ हापुड़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील त्यागी द्वारा किया गया। रेड क्रॉस गाजियाबाद के सभापति डॉ. सुभाष गुप्ता ने बताया कि रेड क्रॉस गाजियाबाद के नवागत अध्यक्ष दीपक मीणा आईएएस जिला अधिकारी के आगमन से रेड क्रॉस गाजियाबाद को नई ऊर्जा प्रदान हुई है। शिविर में रेड क्रॉस के द्वारा ब्लड ग्रुप सभापति सुभाष गुप्ता, डॉ अंशुल चौधरी व लार्सन टूब्रो की टीम द्वारा एक पुष्प गुच्छ, पटका व प्रतीक चिन्ह भेंट करके सुनील त्यागी का स्वागत किया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जगन्नाथ कैंसर हॉस्पिटल के सौजन्य से लगा है। शिविर के संचालन में एमएमजी जिला गाजियाबाद चिकित्सालय की पूरी टीम का सहयोग मिल रहा है। शिविर अभी चल रहा है। लार्सन टुब्रो कंपनी की ओर से अखिलेश ओझा, राजकुमार, शशिकांत त्रिपाठी का पूरा सहयोग मिल रहा है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अंदर से पता चली है बात? लाईनपार में गागर में सागर भरने वाले मिस्टर गागर, इस बार नहीं करेंगे नामित वाले सिस्टम में रिपीट होने का प्रयास? उन्होंने अपने खास लोगों में पहुंचा दिया है संदेश? कह दिया है मेरी जगह मिलना चाहिए अब बिरादरी के किसी और ब्रदर को मौका? अब बंद कर दिया है मैंने नामित वाला केस? वैसे सुना है नागर जी भले ही साईलेंट हो गये हों, मगर इस मैटर में एक्टिव नजर आ रहे हैं मिस्टर रेड फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो भगवा कमांडर के पास है अच्छी खासी समर्थकों की भीड़? ये भीड़ भी नामित वाले मैटर में उनके सहारे खोज रही है अपनी तकदीर? मगर हम यहां पर सामने ला रहे हैं तीन नाम? दीपक राघव, युवा भाटी और अपने प्रिय श्याम का क्या वो करा पायेंगे नामित वाले मामले में समाधान? क्या तीनों में से कोई एक भी चढ़ पायेगा निगम का द्वार? क्या कमांडर ला पायेंगे अपने अति प्रिय इन चेहरों में से किसी एक चेहरे पर बहार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही नामित पार्षद बनने को लेकर जल्द ही पार्टी कार्यालय पर दिखाई देगी दावेदारों की फौज? हम चाहते हैं कि यहां पर एक चेहरा ऐसा भी हो जिसकी पार्टी खुद करे खोज? हम मीडिया वाले चौधरी का बताना चाहते हैं संगठन वालों को नाम? हमने देखा संगठन से लेकर तमाम चुनावों तक इन्होंने घीसी है अपनी कलम? मगर जब कुछ देने की बेला आती है तब गायब हो जाता है इनका नाम? हमारी तो संगठन वालों से ये ही रिक्वेस्ट है कि इस बार नामित वाले मैटर में कर दें वो इस नाम का समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पिछली बार नामित वाली दावेदारी में हो गया था भगवा मास्टर का इंजन फेल? कहने वाले ने कहा तब तो उनका मामला जनरली भी मजबूत था, फिर भी पटरी से उतर गई उनकी रेल? देखना अब ये है कि मास्टर जी को नामित बनाने में क्या दिखाई देगा मिजोरम से भी कोई इफैक्ट? क्या उनके प्रिय गोयल साहब कोर में करेंगे उनके लिए कोई रिएक्ट? बहुत पुराने हो चुके हैं मास्टर जी भगवागढ़ की राजनीति में? अभी तक कुछ खास नहीं मिला ये भी है अपने आप में बहुत बड़ा फैक्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही भगवा राम अपने प्रिय लक्ष्मण को नहीं पहनवा पायें हों सरकारी वाला कोट? मगर अपने राम के लिए फोटो वाले पंडित जी के प्रिय भाई सीने पर सहते हैं हर तरह की चोट? देखना अब ये है नामित वाले मैटर में शर्मा एंड कंपनी कितना करेगी अपने प्रिय माहौर जी के लिए प्रयास? या फिर इस बार भी पहले जैसा ही रहेगा वकील साहब का इतिहास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही उतार कर रख दिये हों पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपनी राजनीति के तीर और कमान? हम देख रहे हैं आज कल राजनीति में तंज कसने वाली खामोश चल रही है उनकी जुबान? अब हैं हमारा इस बात पर बारीकी से ध्यान? अपने सुपुत्र मनु को नामित बनाने के लिए वो क्या तैयार करेंगे प्लान? पिछले चुनाव में मनु भैया को मात्र मिली थी 160 वोटो से हार? निर्दलीय के रूप में उन्होनें साबित किया था अपना बड़ा जनाधार? देखना अब ये है कि पार्टी कितना करेगी लव जी के दखल से इस नाम पर विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी आती है सांसद से लेकर विधायक और महानगर अध्यक्ष बनने की बात? तब कुछ ना कुछ पंजाबी समाज के सामने आ जाता है रोड़ा? देखना अब ये है कि नामित वाले मैटर में क्या करके दिखायेंगे भाजपा के दो अरोड़ा? सुना है दोनों के दिल में जग गई है नामित बनने की आग? दोनों ही कर रहे हैं सिस्टम में आने का प्रयास? हमने देखा एक अरोड़ा सीने में आग लिये चलते हैं? दूसरे अरोड़ा के सीने की जलानी पड़ती है आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नामित पार्षद वाले मैटर में किंग सिटी के दो पूर्व भगवा कमिश्नरों में से क्या कोई मार पायेगा बाजी? देखना अब ये होगा ओमदत्त भैया और विनीत भैया में से कौन कर पायेगा पार्टी को अपने नाम पर राजी? दोनों में से कौन छुएगा नामित का आसमान? इस स्टोरी में जरूर होगी जल वालों की भी एन्ट्री? अंत में मैम्बर चौधरी ही संभालेंगे पूरी कमान? ये वो चौधरी साहब हैं जो जल वालों का रखते हैं बहुत ज्यादा ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही तोमर को लेकर मिस्टर पुण्डीर का खाली चला गया हो तीर? मगर अब देखना ये है कि पोलिटिकल रूप से खाली चल रहे मिस्टर पुण्डीर की क्या खुलेगी नामित वाले मैटर में तकदीर? क्या वो कर पायेंगे इस बार अपने लिए कोई प्रयास? सुना है बीच में है मंडल का कमंडल? जो कर सकता है उनके उम्मीदों को खल्लास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हो ही रही है नामित वाली बात? तो थोड़ा फोकस क्रासिंग वाले एरिया में भी कर दो आप? महिला चेहरे को लेकर करो यहां से चर्चा? देखो यहां से रिचा और प्रीति दीदी में से कौन भरेगी नामित वाला पर्चा? हमें पता है रनिता दीदी संगठन में जाने का करेंगी प्रयास? वो क्यों बनना चाहेंगी नामित, जब उन्होंने विधायक बनने की लगायी थी एक समय आस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को सतेंद्र सिंह ने अपनी जीवन साथी की तारीफ के साथ साझा किया। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 23 साल बेमिसाल बताए। परिजनों समर्थकों शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।